हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड

RNI No- UPHIN/2008/28258

आपका देश आपकी बात...



वर्ष: 14, अंक: 79 पृष्ठ :8 www.newsguide.co.in E-mail : newsguidelko@gmail.com लखनऊ, शनिवार 7 जनवरी, 2023 मूल्य 1.50

## संक्षिप्त समाचार

### टीएमसी ने जारी की उम्मीदवारों की पहली सूची

**शिलॉन्ग।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने मेघालय में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 52 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। सूची जारी करते हुए एआईटीसी मेघालय ने अपने ट्वीट में कहा, हम आगामी राज्य चुनावों के लिए 52 विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची की घोषणा करते हुए खुश हैं। सभी उम्मीदवारों को बधाई। हम अफने सुंदर पहाड़ी राज्य में खोए हुए गौरव फिर से हासिल करेंगे। उम्मीदवारों की सूची के मुताबिक, टीएमसी ने जोवई (अनुसूचित जनजाति) से एंड्र्यू शुल्ई, मॉकोएव (अनुसूचित जाति) से लास्टिंग सुचियांग, खलिरिएट (अनुसूचित जनजाति) सुनिदा बारेह, अमलारेम (अनुसूचित जनजाति) से अल्बान के. गशंगा, मावहाटी (अनुसूचित जनजाति) से डॉ. सारालिन दोरफांग, जिरांग (अनुसूचित जाति) से सनमून ड मारक, उम्सनिंग से गिल्बर्ट नोंगरम, उमरोई (अनुसूचित जनजाति) से जॉर्ज बी. लिंगदोह (विधायक), मॉरींगकेनेंग (अनुसूचित जनजाति) से बंशालांग लवई, पिंथोरमखराह (सामान्य) से सम्बोरलांग दियंगदोह और नॉर्थ शिलॉन्ग (अनुसूचित जनजाति) से एलिगवा ग्विनेथ रिनजाह को उम्मीदवार बनाया गया है।

### बजट सत्र के बाद लोगों के बीच जाएंगे नीतीश कुमार

**नई दिल्ली।** विपक्षी दल भी केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ एकजुट होने का प्रयास कर रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकि नगर से अपनी समाधान यात्रा की शुरुआत की है। सीएम नीतीश कुमार ने गुरुवार (5 जनवरी) को कहा कि वह राज्य में सभी रुके हुए कार्यों को पूरा करेंगे और फिर राज्य विधानसभा के आगामी बजट सत्र के बाद विपक्षी दलों की एकता बनाने के लिए पूरे देश में यात्रा पर निकलेंगे। 2005 के बाद से अपनी 14वीं यात्रा की शुरुआत करते हुए नीतीश कुमार ने वाल्मीकि नगर में संवाददाताओं से कहा, इस यात्रा का मकसद बिहार सरकार के चल रहे कार्यक्रमों का आकलन करना और लंबित कार्यों की स्थिति देखना है। हमारे अधिकारी हर शिकायत, प्रत्येक रुकी हुई परियोजना पर ध्यान दे रहे हैं और हम दो महीने में अनुपालन की मांग करेंगे।

### पार्षदों ने कुर्सियां फेंकी, हाथापाई की

**नई दिल्ली।** आज दिल्ली में मेयर चुनाव के दौरान जमकर हंगामा हुआ। सदन में पीठासीन अधिकारी ने जैसे ही मनोनीत सदस्यों को शपथ ग्रहण कराना शुरू किया, हंगामा हो गया। आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि पार्षदों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। कई पार्षद एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकते नजर आए। भाजपा ने आम आदमी पार्टी के पार्षदों पर मारपीट का आरोप लगाया है। दावा है कि कई पार्षदों को चोट भी लगी है। बढ़ते हंगामे को देखते हुए पीठासीन अधिकारी ने चुनाव टाल दिया।

# देश में विदेशी यूनिवर्सिटीज के कैंपस खोलने की तैयारी: मोदी

## देश में ही रहकर विदेशी यूनिवर्सिटीज की शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिलेगा

**बड़ा कदम**

- » ऑक्सफोर्ड और स्टैनफोर्ड जैसी यूनिवर्सिटी को भारत में अपने कैंपस खोलने और डिग्रियां प्रदान करने की अनुमति दी जा सकती है
- » यूनिवर्सिटी के भारत आने से अन्य देशों के छात्रों के लिए भी पसंद के तौर पर उभर सकता



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाया है जिसके तहत येल, ऑक्सफोर्ड और स्टैनफोर्ड जैसी यूनिवर्सिटी को भारत में अपने कैंपस खोलने और डिग्रियां प्रदान करने की अनुमति दी जा सकती है। इससे विदेश जा सकने में अक्षम छात्रों को देश में ही रहकर विदेशी यूनिवर्सिटीज की शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिलेगा। वहीं विदेशी यूनिवर्सिटीज के लिए भी भारत में मौके बढ़ेंगे। साथ ही इन यूनिवर्सिटी के भारत आने से अन्य देशों के छात्रों के लिए भी पसंद के तौर पर उभर सकता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने गुरुवार को सार्वजनिक प्रतिक्रिया के लिए एक ड्राफ्ट पेश किया जो पहली बार देश में विदेशी संस्थानों के प्रवेश और संचालन की सुविधा चाहता है। मसौदे के मुताबिक, स्थानीय परिसर घरेलू और विदेशी छात्रों के लिए प्रवेश मानदंड, शुल्क संरचना और छात्रवृत्ति पर फैसला कर सकता है। संस्थानों को फैकल्टी और स्टाफ की भर्ती करने की स्वायत्तता होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार भारतीय छात्रों को सस्ती कीमत पर विदेशी योग्यता प्राप्त करने और भारत को एक आकर्षक वैश्विक अध्ययन गंतव्य बनाने में सक्षम बनाने के लिए देश के अत्यधिक विनियमित शिक्षा क्षेत्र में आमूल परिवर्तन पर जोर दे रही है। इस कदम से विदेशी संस्थानों को देश की युवा आबादी को आकर्षित करने की भी मदद मिलेगी। यहां तक कि भारत के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों ने माइक्रोसॉफ्ट कार्पोरेशन से लेकर अल्फाबेट इंक. तक की कंपनियों को मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को दिया है लेकिन वैश्विक रैंकिंग में कई खराब प्रदर्शन करते हैं। देश को अधिक प्रतिस्पर्धी बनने और कॉलेज पाठ्यक्रम और बाजार की मांग के बीच बढ़ती खाई को पाटने के लिए अपने शिक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। यह वर्तमान में 2022 के वैश्विक प्रतिभा प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक में 133 देशों में 101 वें स्थान पर है, जो किसी देश की प्रतिभा को विकसित करने, आकर्षित करने और बनाए रखने की क्षमता को मापता है। कुछ विश्वविद्यालयों ने पहले ही भारतीय संस्थानों के साथ साझेदारी स्थापित कर ली है, जिससे छात्रों को आंशिक रूप से भारत में अध्ययन करने और विदेशों में मुख्य परिसर में अपनी डिग्री पूरी करने की अनुमति मिल गई है। वर्तमान कदम इन विदेशी संस्थानों को स्थानीय भागीदारों के बिना कैंपस स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

# मणिपुर शांति और प्रगति के नए युग का बन रहा गवाह : अमित शाह



एजेंसी

**इंफाल।** गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि एक समय में मणिपुर में आतंकवाद का बोलवाला था, लेकिन भाजपा ने राज्य को आतंकवाद से मुक्त कराया। आज मणिपुर शांति और विकास के नए युग का गवाह बन रहा है। वे आज यहां करीब 1300 करोड़ की 21 परियोजनाओं का उद्घाटन और शलान्यास करने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। भाजपा की सरकार ने उग्रवाद को हराते हुए राज्य के छह जिलों से सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) हटाया है। इस दौरान उन्होंने इंफाल में एतिहासिक कंगला नोंगपोक थोंग (कंगला पूर्वी पुल) का उद्घाटन किया। औपनिवेशिक शासन के दौरान इसे नष्ट कर दिया गया था, ऐसी मान्यता है कि इसके बंद होने से मणिपुर को बहुत नुकसान हुआ है। इस पुल के फिर से खुलने से और अधिक शांति, समृद्धि और एकता आएगी। इसी तरह से गृहमंत्री ने मोइरांग में एतिहासिक आजाद हिंद फौज मुख्यालय में उत्तर पूर्व में सबसे ऊंचे 165 फीट लंबे तिरंगे का अनावरण किया। यह वही जगह है जहां, नेताजी की आईएनए ने 1944 में तिरंगा फहराया था। उन्होंने कहा, तिरंगा हमें हमारे स्वतंत्रता संग्राम के नायकों की याद दिलाता रहेगा और युवाओं को प्रेरित करेगा। उन्होंने महान नेताजी सुभाष बाबू, आईएनए और मणिपुर के उन सभी बहादुरों को हमारी श्रद्धांजलि है, जिन्होंने हमारी स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी। मोदी सरकार भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सच्चे नायकों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदानों के बारे में जान सकें।

# इंदिरा प्वाइंट पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

## हिन्द-प्रशांत समुद्री क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति का दिया संदेश

**बैठक**

- » राष्ट्रीय हितों की रक्षा में सजग रहने के लिए प्रोत्साहित भी किया
- » देश के इकलौते संयुक्त सैन्य कमान का दौरा कर वरिष्ठ सैन्य अफसरों के साथ बैठक की




एजेंसी

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश जाकर पूर्वी सीमाओं की सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को देश की सबसे दक्षिणी समुद्री सीमा इंदिरा पॉइंट पहुंचकर सीमाओं की सुरक्षा की समीक्षा की। अपनी अंडमान निकोबार यात्रा के दूसरे और आखिरी दिन रक्षामंत्री ने इस दौरान रक्षा तैयारियों की गहन समीक्षा के साथ ही वहां तैनात सैनिकों को क्षेत्र में राष्ट्रीय हितों की रक्षा में सजग रहने के लिए प्रोत्साहित भी किया। रक्षामंत्री ने इस दौरान यहां स्थापित देश के इकलौते संयुक्त सैन्य कमान का दौरा कर वरिष्ठ सैन्य अफसरों के साथ बैठक की और इस क्रम में संयुक्त कमान के कार्य संचालन की भी समीक्षा की। रक्षा मंत्री की यहां की संयुक्त कमान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक इस लिहाज से भी मायने रखती है कि तीनों सेनाओं के बीच बेहतर समन्वय के लिए संयुक्त थियेटर कमान बनाने के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। सैन्य संसाधनों के अधिकतम इस्तेमाल से लेकर सामरिक रणनीति के बेहतर समायोजन के लिए संयुक्त थियेटर कमान बनाने पर रक्षा मंत्रालय और तीनों सेनाओं में गहन विचार-मंथन की प्रक्रिया चल रही है। रक्षा मंत्री के जनवरी 2019 यानी चार साल बाद देश के सबसे अंतिम समुद्री छोर इंदिरा प्वाइंट जाने के भी अपने रणनीतिक मायने हैं। हिन्द-प्रशांत महासागरीय क्षेत्र के इन सुदूर द्वीपों की निकटता के मद्देनजर रणनीतिक संकेत देने के अलावा रक्षा मंत्री की अंडमान-निकोबार कमान की यात्रा यहां तैनात सैनिकों के उत्साह के लिहाज से भी अहम है। इंदिरा प्वाइंट ग्रेट चैनल के साथ स्थित है, जिसे लोकप्रिय रूप से सिक्स डिग्री चैनल के रूप में जाना जाता है। यह समुद्र में अंतरराष्ट्रीय यातायात के लिए एक प्रमुख पोत परिवहन मार्ग है। इस क्षेत्र में भारत के तीनों सेनाओं के संयुक्त सशस्त्र बलों की मजबूत उपस्थिति इस समुद्री क्षेत्र में भारत को एक प्रमुख सुरक्षा प्रदाता राष्ट्र बनाती है। भारत अपनी इस जिम्मेदारी का बेहतर निर्वहन भी करता है। रक्षामंत्री ने यहां की स्थिति की समीक्षा के बाद कार निकोबार द्वीप और कैंपबेल खाड़ी में रुके, जहां उन्हें जमीनी सुरक्षा स्थिति की जानकारी दी गई। इसके अलावा उन्होंने अंडमान और निकोबार कमान की संयुक्त सेवा के जवानों के साथ भी बातचीत की और उनकी अद्वितीय बहादुरी और प्रतिबद्धता के साथ देश की सेवा करने के लिए सराहना की। इस दौरान अंडमान और निकोबार कमान के कमांडर-इन-चीफ (सीआईएनसीएएन) लेफ्टिनेंट जनरल अजय सिंह उनके साथ थे। राजनाथ ने इस दौरान नौसेना के जहाज आईएनएस बाज का दौरा करते हुए सैनिकों से बातचीत की। वहीं, संयुक्त कमान के मुख्यालय के दौरे के दौरान उन्होंने कमान की परिचालन संबंधी तैयारियों और क्षेत्र में बुनियादी ढ़ांचे के विकास की समीक्षा की।

# अखिलेश ने बीजेपी पर साधा निशाना, कहा, सिनेमा को नफरत की तलवार से दो फाड़ किया जा रहा

**तीखे बोल**

- » भाजपा सरकार ने इसे सियासी विचारधारा का हथकंडा बना लिया



संवाददाता

**लखनऊ।** देश में कोरोना काल के बाद से ही हिंदी सिनेमा जगत के लिए बहिष्कार जारी है। आए दिन किसी न किसी फिल्म या कलाकार को सोशल मीडिया पर बॉयकॉट किया जाता है। अब यह बहिष्कार करने की प्रथा आम लोगों तक न रह कर राजनीति तरकस का तीर बन चुका है। जिसका उपयोग कुछ राजनेता अपने निशाने साधने के लिए कर रहे है। इसी बीच सपा मुखिया अखिलेश यादव भी सिनेमा जगत को लेकर भाजपा पर तंज कसा है। अखिलेश यादव ने ट्वीट करते हिए लिखा है कि फिल्म मनोरंजन का साधन है लेकिन भाजपा सरकार ने इसे सियासी विचारधारा का हथकंडा बना लिया है। सिनेमा के विषय को ही नहीं, सिनेमा जगत को भी भाजपा की 'डर और अविश्वास' फैलानेवाली नफ़रत की तलवार से दो फाड़ किया जा रहा है। सार्थक सिनेमा उम्मीद और बदलाव लाता रहा है पर भाजपा ये नहीं चाहती। इस इम मामले को लेकर बॉलीवुड सुपरस्टार सुनील ने भी यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से बात की है। उन्होंने योगी से अपील किया है कि हिंदी फिल्म उद्योग के खिलाफ नफरत को मिटाने में मदद करें और सोशल मीडिया पर बॉलीवुड के बहिष्कार के चलन से मुक्ति दिलाएं। बता दें कि सीएम योगी आदित्यनाथ दो दिन की मुंबई यात्रा पर हैं। उन्होंने इस दौरान शेट्टी, सुभाष घई, जैकी श्राफ, राजकुमार संतोषी, मनमोहन शेट्टी और बोनी कपूर समेत फिल्म जगत के लोगों से मुलाकात की। पिछले कुछ समय से बॉलीवुड को लगातार बॉयकॉट का सामना करना पड़ रहा है, जिसकी वजह से कई बड़े बजट की फिल्में भी सिनेमा में दर्शकों के लिए तरस गई और बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिर पड़ी। कभी किसी फिल्म, कंटेट या किसी पुराने बयान को लेकर विवाद हो जाता है और फिर फिल्मों के बॉयकॉट के लिए सोशल मीडिया पर फिल्म के बॉयकॉट की एक मुहिम छेड़ दी जाती है, इसकी वजह से बॉलीवुड का काफी नुकसान भी उठाना पड़ा है।

# सांसदों के चैंबर बनाने के लिए नया टेंडर जारी

**निर्माण**

- » परियोजना लागत में 225 करोड़ रुपये की कटौती



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की महात्वाकांक्षी परियोजना सेंट्रल विस्टा को पूरा करने का काम काफी तेजी से चल रहा है। इस परियोजना का जल्द पूरा होने की उम्मीद है, वहीं केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) ने सांसदों के लिए एक कार्यालय परिसर बनाने के लिए नया टेंडर जारी किया है। इसके साथ पहले इसकी लागत 1,210 करोड़ रुपये तक थी लेकिन अब इस परियोजना लागत में 225 करोड़ रुपये की कमी की गई है। प्रस्तावित भवन लुटियंस दिल्ली में प्लॉट नंबर 119 पर बनेंगे, अभी इस जगह वर्तमान में परिवहन भवन और श्रम शक्ति भवन स्थित हैं। जारी संशोधित बोली के अनुसार, प्रस्तावित भवन का कुल प्लिंथ क्षेत्रफल लगभग 98,000 वर्ग मीटर है, जबकि पिछली निविदा में यह क्षेत्रफल 1,18,000 वर्ग मीटर था।

सांसद भवनों में आठ मंजिलें होंगी। पहले की निविदा में 10 मंजिला ढांचे का प्रस्ताव था। संसद के सदस्यों के लिए नए कक्ष केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना का हिस्सा हैं और इन्हें परिवहन भवन और श्रम शक्ति भवन को ध्वस्त करके बनाया जाएगा। इस परियोजना के तहत एक सुरंग बनाने की योजना की भी परिकल्पना की गई है, जो सांसदों के कक्षों को टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा बनाए जा रहे नए संसद भवन से जोड़ेगी।

# अनुराग ठाकुर ने किया वाई20 समिट के थीम-लोगो और वेबसाइट को किया लांच

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारत इस साल जी20 की अध्यक्षता कर रहा है। भारत ने बाली में वार्षिक शिखर सम्मेलन में प्रभावशाली समूह जी20 की अध्यक्षता ग्रहण की थी। ये अध्यक्षता 1 दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक भारत के पास है। वाई20 के अंतर्गत कुल 11 एंगेजमेंट ग्रुप है। इस महीने से वाई20 के एंगेजमेंट ग्रुप की बैठकें भी शुरू होंगी। इससे पहले आज यानी छह जनवरी को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राजधानी दिल्ली में वाई20 समिट इंडिया के कर्टेन रेजर इवेंट में वाई20 समिट की थीम, लोगो और वेबसाइट लॉन्च की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह शिखर सम्मेलन युवाओं और विश्व को हमारे विकास के तरीके को आकार देने के लिए समान रूप प्रदान करता है। मुझे आशा है कि आप हमें शिक्षित करने के लिए वाई20 अवसर का उपयोग करेंगे।

# केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा- तीन दिनों में 44 जजों के नाम को मंजूरी देंगे



एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति के लिए तीन दिनों में 44 न्यायाधीशों के नाम को मंजूरी दे दी जाएगी। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया। सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से लंबित नामों को जल्द से जल्द निपटाने को कहा था। इस पर केंद्र ने अदालत को आश्वासन दिया कि वह समयसीमा का पालन करेगी।

दरअसल, कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा था कि न्यायाधीशों द्वारा न्यायाधीशों की नियुक्ति एक आदर्श प्रणाली नहीं है। इसके बाद सरकार और न्यायपालिका के बीच इस प्रक्रिया को लेकर बहस जैसी स्थिति बन गई थी। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि हर प्रणाली की अपनी खामियां होंगी, लेकिन प्रचलित कानून का पालन किया जाना चाहिए।

## चुनावी तैयारियों को धार दे रही भाजपा, नड्डा बोले

# मोदी लाए देश की राजनीतिक संस्कृति में बदलाव

**कार्यक्रम**

- » भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दो दिनों के कर्नाटक दौरे पर



एजेंसी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा चुनावी मोड में अपनी तैयारियां कर रही है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दो दिनों के कर्नाटक दौरे पर हैं। वह दक्षिण भारत के चुनावी राज्य पहुंचे थे। कई कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद शुक्रवार को भी उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हल्ला बोला। उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश की राजनीतिक संस्कृति बदल गई है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर फूट डालो और राज करो की राजनीति करने और भ्रष्टाचार, कमीशन और जातिवाद का प्रतिनिधित्व करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का मिशन समाज की सेवा और विकास करना है। भाजपा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब मोदी ने 2014 में देश के प्रधान मंत्री के रूप में पदभार संभाला, तो यह केवल एक प्रधान मंत्री या सरकार या लोगों या एक दल का परिवर्तन नहीं था। यह देश की राजनीतिक संस्कृति का परिवर्तन था। उन्होंने आगे बोलते हुए कहा कि मैं अतिशयोक्ति नहीं कर रहा हूं, यूपीए की पिछली सरकार उन दलों के समूह के अधीन थी जो वंशवादी शासन का प्रचार कर रहे थे। वे समाज और शासन को विभाजित करने में विश्वास करते थे। उन्होंने धर्म और जाति के आधार पर विभाजित करके लंबे समय तक शासन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में न केवल वंशवादी शासन, वंशवाद (पारिवारिक राजनीति), जातिगत समीकरणों, वोट बैंक की राजनीति को चुनौती दी बल्कि पीएम मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र सुनिश्चित किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जन संकल्प समावेश कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब तक भारत में 92प्रतिशत मोबाइल फोन आयात किए जाते थे लेकिन आज हम 97 प्रतिशत मोबाइल बना रहे हैं... केमिकल में 106त्न की वृद्धि दर्ज की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### रामपथ पीड़ितों ने डीएम के नाम दिया 6 सूत्रीय ज्ञापन

**अयोध्या।** राम पथ सड़क चौड़ी करण कार्ययोजना से जुड़ी समस्याओं को लेकर डीएम संबोधित 6सूत्रीय मांगपत्र डीएम न नाम दिया गयास तुलसी उद्यान नयाघाट में व्यापरियों का एक प्रतिनिधि मंडल नन्द कुमार गुप्ता नंदू की अगुवाई में कानून गो को यह ज्ञापन दिया। मांग पत्र में लेंस से नापने के बाद राम पथ पर बीच सड़क में फ्रि से कील लगाकर लाल निशान लगाने से दुकानों का सीमांकन आगे पीछे हो रहा है जिससे व्यापारियों को पुनरू निर्माण से आर्थिक नुकसान हो रहा है। पूर्ण विस्थापितों को एलाटमेंट लेटर देने वालो की दुकानों की कीमत कितनी है। नयाघाट पर कैंप कार्यालय मे राजस्व विभाग के अलावा राम पथ योजना से संबंधित विकास प्राधिकरण, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम आदि संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को बैठाया जाय। राम पथ पर सभी कार्ययोजना की डीपीआर सार्वजानिक स्थानों पर लगवाई जाय। मांग पत्र में अधिग्रहण के बाद अवशेष दुकानों के रिपेयरध्पुर्ननिर्माण में मकान मालिकों द्वारा आ रहे अड़चनों को दूर करने के लिए प्रशासन-व्यापरियों की समिति बनाने के आश्वासन को अमली जामा पहनाया जाय।कई स्थानों पर बार बार चौड़ाई बदलने से कभी 10 मीटर कभी16मीटर और कभी 20 मीटर बताने से व्यापारी हैरान परेशान हो रहे है। ज्ञापन देने वालो में प्रमुख रूप से नन्द कुमार गुप्ता ष्नंदू ष, बृज किशोर पांडे,सोम दत्त,विनोद पाठक, शिवम् गुप्ता, निखिल जायसवाल, सुरेश कुमार, राम कुमार गुप्ता आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### भीषण ठंड में ममता चौरिटेबल ट्रस्ट का कंबल वितरण महा अभियान

**लखनऊ।** नर सेवा नारायण सेवा के मूल मंत्र के साथ प्रत्येक शीत लहर के कहर के बीच देवदूत बनकर ममता चौरिटेबल ट्रस्ट के कर्मयोगी कंबल वितरण महाअभियान चला रहे है। जिसमें गरीब लाचार वंचित एवं मजलूम के बस्तियों में कैंप लगाकर,घूम घूम कर कंबल वितरण किया जा रहा है। इसी महाअभियान के तहत शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर अलीगंज के प्रांगण में विशाल शिविर लगाकर जरूरतमंदो को कंबल वितरित किए गए! शिविर में मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व उप-मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा उपस्थित थे। उन्होंने ममता चौरिटेबल ट्रस्ट के कार्यो की सराहना करते हुए ट्रस्ट के ट्रस्टी राजीव मिश्रा सहित पूरी ममता टीम को साधुवाद दिया। वही विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित विधायक उत्तरी डॉ नीरज बोरा ने ट्रस्ट के सेवा कार्यो को सबसे बड़ा धर्म बताते हुए मानवता की सच्ची सेवा बताया! ममता चौरिटेबल ट्रस्ट के चीफट्रस्टी एवं लोकप्रिय समाजसेवी राजीव मिश्रा ने कहा कि ट्रस्ट अपने महाअभियान में यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता की संकल्पना के साथ माताओं-बहनो बेटियों को कंबल वितरित किए जा रहे है! इस मौके पर स्थानीय पार्षद गीता अवस्थी, पूर्व पार्षद सुरेश अवस्थी ने लाभार्थियों के चयन एवं प्रबंधन में विशेष सहयोग प्रदान किया! ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी एवं संरक्षक डॉ राजेश शुक्ल ने बताया कि ममता टीम के वालंटियर रात-दिन पूरे शहर के चिन्हित मलिन कस्बों, सार्वजनिक स्थानों चौराहों पर रात दिन जरूरतमंदो को कंबल ओढ़ाकर उनका सम्मान भी कर रहे है,। इसी क्रम में आज पॉलीटेक्निक चौराहा, पत्रकार पुरम चौराहा,मुन्शीपुलिया चौराहा, कामता चौराहा, हूसाडीया चौराहा, पर भी कंबल ओढ़ाकर उनको ठण्ड से बचने के तरीके बताये गये। आज के अभियान के संयोजक एवं ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष एडवोकेट गौरव पांडे ने बताया कि जब तक शीत लहर का प्रकोप रहेगा अभियान जारी रहेगा, मंच का संचलन आदित्य द्विवेदी ने किया।

### उत्तर प्रदेश में पीपीपी मॉडल पर खेल सुविधाएं होंगी,निजी निवेश को मिलेगा बढ़ावा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन की इकोनामी में बनाने में खेल एव युवा कल्याण विभाग ने अपनी प्रबल सहभागिता सुनिश्चित करने की तैयारी शुरू कर दी है। आगामी फ्रवरी माह में लखनऊ में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेटर्स समिट में खेल एवं युवा कल्याण विभाग भी निवेशकों को आकर्षित करने लिए रणनीति तैयार कर ली है। अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल ने बापू भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में एक बैठक की और अधिकारियों को खेलों मे निजी निवेश को बढ़ावा दिये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश में पीपीपी के आधार पर खेल सुविधाएं विकसित कराई जायें। प्रदेश में स्थापित सभी राजकीय स्टेडियम में कारपोरेट के माध्यम निवेश कराकर, प्रदेश की सभी निजी खेल अकादमी को निवेश करने हेतु प्रोत्साहित किया जाये। इसके साथ ही प्रदेश की सभी नदियों के किनारे निजी क्षेत्र के माध्यम से वाटर स्पोर्ट्स सुविधाएं विकसित होगी। इसी प्रकार युवा कल्याण विभाग के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में निजी क्षेत्र के सहयोग खेल सुविधाएं बढ़ाये जाने पर जोर देने के साथ और अधिक से अधिक कारपोरेट्स को इससे जोड़ा जाये। उत्तर प्रदेश में खेल क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं है। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए प्रस्तावित खेल नीति में व्यापक प्राविधान किये गये है। खेल विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ाने में विशेष प्रमुखता दी गई है। इसके अलावा राज्य में खेल उपकरण के लिए विनिर्माण क्लस्टर विकसित करने और खेल क्षेत्र में रोजगार के अवसरों को बढ़ाना पर बल दिया जा रहा है।

### 10 हजार का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** अमेठी पुलिस को एक बार फ्रि बड़ी सफ्लता मिली। जहां देर रात चेकिंग के दौरान मुंशीगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 10 हजार रुपए के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस के हत्थे चढ़ा इनामिया अभियुक्त दिनेश कुमार यादव सुलतानपुर जिले के पलहीपुर हसनपुर गांव का रहने वाला है। दिनेश पर मुंशीगंज थाने में धारा 409 के तहत मुकदमा दर्ज था। जिसमें वो फ्रार चल रहा था। मामला मुंशीगंज थाना क्षेत्र के परतोष तिराहे का जहां देर रात मुंशीगंज पुलिस थाना प्रभारी शिवाकांत पांडेय के नेतृत्व में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की तलाश कर रही थी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर मुंशीगंज पुलिस ने 10 हजार रुपए के इनामी अभियुक्त दिनेश कुमार यादव को गिरफ्तार किया। दिनेश पर मुंशीगंज थाने में धारा 409 के तहत मुकदमा दर्ज था जिसमें वह पिछ्ले करीब 2 साल से फ्रार चल रहा था। पुलिस के हत्थे चढ़ा इनामी अभियुक्त दिनेश यादव सुल्तानपुर जिले के पलहीपुर हसनपुर गांव का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण करवा कर जेल भेज दिया है। 10 हजार रुपए के इनामी अभियुक्त की गिरफ्तारी पर मुंशीगंज एसएचओ शिवाकांत पांडेय ने कहा कि देर रात थाना क्षेत्र के परतोष तिराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की तलाशी की जा रही थी। इसी बीच अभियुक्त दिनेश कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया। दिनेश पर मुंशीगंज थाने में धारा 409 के तहत मुकदमा दर्ज था। जिसमे वो फ्रार चल रहा था। दिनेश पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

### इंडस्ट्रियल एरिया कॉलोनी में लगी आग, एसयूवी कार जलकर हुई राख

**अमेठी।** जिले के कमरौली में इंडस्ट्रियल एरिया यूपीएसआईडीसी कॉलोनी में दो मंजिला मकान के निचले हिस्से में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से एसयूवी कार जलकर राख हो गई।मकान मालिक और स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से लाखों के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। ये पूरा मामला कमरौली थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया यूपीएसआईडीसी कॉलोनी सेक्टर-5 का है। जहां कॉलोनी में रहने वाले अल्लाह के दो मंजिला मकान के निचले हिस्से में आज दोपहर अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से घर में खड़ी एसयूवी कार जलकर पूरी तरह राख हो गई। आग लगने की सूचना मकान मालिक अल्लाह ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। जिसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। आग से गाड़ी के साथ-साथ आसपास रखा कीमती सामान जलकर राख हो गई। कमरौली एसओ निर्मल सिंह ने कहा कि सूचना मिलने के बाद थाने की फोर्स और फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर गई थी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। किसी प्रकार की कोई जनहानि नही हुई है।

# राहुल की भारत जोड़ो यात्रा से विपक्ष की दूरी के हैं खास मायने, रणनीति का हिस्सा है उसकी उपेक्षा

## 36 करोड़ यूजर्स तक पहुंचा हैशटैग योगीनॉमिक्स

**संवाददाता**

**लखनऊ।** यूपी में भारत जोड़ो यात्रा में उमड़ा जनसैलाब जहां चर्चा में है, वहीं इससे विपक्ष की दूरी के भी खास मायने हैं। विपक्षी दल उस अंतरविरोध को भलीभांति समझते हैं, जिसमें भाजपा को परास्त करने के लिए एकता जरूरी है, पर उस कीमत पर नहीं कि खुद के वजूद के लिए ही खतरा पैदा हो जाए। यही वजह है कि अखिलेश यादव, मायावती और जयंत चौधरी ने अपनी शुभकामनाएं तो दीं पर यात्रा का हिस्सा नहीं बने। ओमप्रकाश राजभर ने भी दूरी बनाए रखना ही उचित समझा।



जिस तरह से श्रीराममंदिर तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने भी राहुल की यात्रा की प्रशंसा की, उससे समझा जा सकता है कि सत्ता पक्ष भी इसे हल्के में नहीं ले रहा है। हालांकि, भाजपा सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना इसे चंपत राय के निजी विचार बताते हैं। यूपी का इतिहास बताता है कि यहां सपा, बसपा या अन्य क्षेत्रीय दल कांग्रेस के पैर पर पैर रखकर ही आगे बढ़े हैं। जहां कांग्रेस इसे हमेशा मन में रखती है, वहीं विपक्षी दलों के रणनीतिकार भी यह अच्छी तरह से समझते - बूझते हैं।

सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने तो वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा की हार के बाद सार्वजनिक रूप से कहा था कि कांग्रेस के साथ गठबंधन के वे कभी पक्षधर नहीं रहे। 1990 में कांग्रेस ने जनता दल के टूटने के बाद अल्पमत में आई मुलायम सरकार को बचाया था और कांग्रेस के रणनीतिकार आज तक इसे अपनी पार्टी की भूल मानते हैं। उनका कहना है कि अगर उस वक्त मुलायम सरकार न बचती तो जनता के बीच स्पष्ट संदेश जाता कि क्षेत्रीय दल स्थायी सरकार नहीं दे सकते। कांग्रेस के साथ ने जहां इनकी जमीन तैयार की, वहीं उसके खुद के लिए इसने खाई का काम किया।

उसके बाद हुए चुनावों में तो सपा या बसपा तो बढ़ते गए, पर कांग्रेस का ग्राफ नीचे आता गया। कुछ और छोटे दल भी यहां अपनी जगह दिखाने लायक जगह बनाने में सफल रहे। इस अंतरविरोध पर दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. लक्ष्मण यादव कहते हैं कि आज का मतदाता मुख्य रूप से दो हिस्सों में बंटा है। वह या तो भाजपा के पक्ष में है या विपक्ष में। जो भाजपा के विपक्ष में हैं, उनका बड़ा हिस्सा सपा, कांग्रेस, रालोद या बसपा जैसे दलों की ओर ही जाएगा।

मतलब साफ है कि कांग्रेस का शेयर बढ़ेगा तो उनका घटेगा। सत्ता पाने के लिए साथ आना जरूरी है, लेकिन भविष्य में कोई संकट न पैदा हो, यह देखना भी जरूरी है। अब इस अंतरविरोध का कैसे समाधान होता है। होता भी है या नहीं, यह तो भविष्य में ही सामने आएगा।

### 2024 चुनाव से पहले एक बार फिर दिल्ली में होगा किसान आंदोलन

**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलराम सिंह लंबरदार ने अयोध्या से बड़ा ऐलान किया है। मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि किसान यूनियन केंद्र सरकार के खिलाफ दिल्ली में एक बार फ्रि आंदोलन करेगा। 2024 चुनाव के पहले यह आंदोलन होगा। आंदोलन की तैयारी को लेकर पूरे प्रदेश में दौरे किए जा रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के विस्तार को लेकर शुक्रवार को सिविल लाइन स्थित प्रेस क्लब में किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने एक बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलराम सिंह लंबरदार शामिल हुए। बैठक में प्रमुख रूप से किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई, और संगठन विस्तार को लेकर भी मंथन हुआ। बलराम सिंह लंबरदार ने कहा यह किसानों की सरकार नहीं, यह पूंजीपतियों की सरकार है, खेतों में किसान बाड़ नहीं लगा सकते,कटीले तार नहीं लगा सकते,कानपुर में ट्रैक्टर पलटता है, तो पूरे उत्तर प्रदेश में ट्रैक्टर ट्राली पर मजदूर ले जाने के लिए प्रतिबंध लगाए जाते हैं। सड़क पर पीडब्ल्यूडी के गड्ढे को सरकार नहीं देख रही,केवल उन्हें किसानों की ट्रैक्टर ट्राली दिखाई पड़ती है, किसान अपने खेत पर अपने सामान को अपने मजदूरों को कैसे ले जाएगा। किसान का सबकुछ ट्रैक्टर ट्राली ही है, सरकार ने ये करके दिखा दिया कि हम किसान विरोधी हैं।

## शव रख कर प्रदर्शन, मुआवजा और कातिलों को गिरफ्तारी की रखी मांग

**संवाददाता**

**लखनऊ।** हसनगंज से लापता छात्र आयुष की हत्या सिर पर चोट लगने से हुई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ। डॉक्टरों का मानना कि शव करीब चार से एक सप्ताह भर पानी में रहा। शुक्रवार शाम को पोस्टमॉर्टम के बाद घरवालों ने शव को बाबूगंज स्थित फैजाबाद रोड पर रख कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना के बाद एसीपी महानगर, इंस्पेक्टर हसनगंज फोर्स के साथ पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझा बुझा प्रदर्शन समाप्त कराया। उन लोगों ने 10 लाख रूपये और हत्यारों की

**खुलासा**

» सूचना के बाद एसीपी महानगर, इंस्पेक्टर हसनगंज फोर्स के साथ पहुंचे

गिरफ्तारी की मांग रखी है।

25 दिसंबर को घर से निकलें छात्र आयुष का शव गोमती नदी में मिला। शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम होने के बाद पुलिस के माथे पर बल पड़ गए। सिर पर भारी वस्तु से प्रहार करके उसकी हत्या की गई। डॉक्टरों का कहना है कि आयुष के शव की पड़ताल की गई तो



इसका खुलासा हुआ कि शव करीब हफ्ता भर पानी में रहा। पुलिस का कहना है कि आरोपी विकास से पूछताछ की गई। उसने 25 दिसंबर को ही उसे नदी में धक्का देकर मारने की बात कहीं। लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस ने फिर से पड़ताल शुरू कर दी है।

### नवाबगंज के नए थाना इंचार्ज करुणाकर पाण्डेय ने लिया चार्ज

**गोण्डा।** नवाबगंज के नए थाना इंचार्ज के तौर पर इंस्पेक्टर करुणाकर पांडेय ने आज कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी को कानून व्यवस्था का पालन करना होगा। निरपराध व्यक्ति को कोई परेशान ना करें, कानून आम जनमानस के साथ साये की तरह खड़ा रहेगा। थाना प्रभारी अरुण कुमार द्विवेदी का खरगूपुर थाने पर ट्रांसफ्र हो जाने के बाद नये थाना प्रभारी इंस्पेक्टर करुणाकर पांडेय ने थाने का चार्ज संभाला। इस मौके पर अपने सहकर्मियों और लोगों से मिलकर कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन करने और आम जनमानस को किसी तरह की समस्या ना हो इसका विशेष ख्याल रखने को कहा। अपराधियों में कानून का खौफ और आमजनता में भरोसा कायम रखना उद्देश्य बताया। थाना प्रभारी रहे अरुण कुमार द्विवेदी को थाने के लोगों ने फूल माला पहनाकर विदाई दिया। थानाध्यक्ष विदाई समारोह में मनकापुर भाजपा विधायक रमापति शास्त्री के प्रतिनिधि वेद प्रकाश दुबे, दरोगा सुनील कुमार, कस्बा चौकी इंचार्ज योगेश प्रताप, सरयू घाट चौकी इंचार्ज अभिषेक पाण्डेय कोल्हमपुर चौकी इंचार्ज रविन्द्र कुमार रमन, सुनील सिंह, विवेक मौर्या दीवान, अखिलेश सिंह और अखिलेश चौरसिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### 8 जनवरी को चाक पे माटी सा मन का विमोचन

**अयोध्या।** जनवादी लेखिका गरिमा सिंह की कविताओं पर आधारित पुस्तक चाक पर माटी सा मन का विमोचन 8 जनवरी को होगा। इसकी तैयारी को लेकर जनवादी लेखक संघ जिला कमेटी ने बजीरगंज कार्यालय पर बैठक की। इस दौरान सचिव डॉक्टर विशाल श्रीवास्तव ने संगठन की नीतियां बताई। उन्होंने कहा कि संगठन की सदस्य गरिमा सिंह की कविता संग्रह ष्चाक पे माटी सा मनष् बहुत ही बेहतरीन संग्रह है। इसमें खास तौर महिलाओं के लिए कविता के माध्यम से एक सन्देश है। समाज में शोषित महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया है।

## शंखनाद के साथ हरिद्वार की तर्ज पर हुई मां गोमती आरती

**संवाददाता**

**लखनऊ।** सनातन महासभा की ओर से झूलेलाल वाटिका गोमती तट पर शुक्रवार को पौष पूर्णिमा पर आयोजित 108वी आदि गंगा माँ गोमती महाआरती व सनातन समागम का आयोजन मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ हरिद्वार की तर्ज पर 07 भव्य मंचो से पूज्य अनंत विभूषित दंडी सन्यासी श्री रामाश्रम जी महाराज , पूज्य योगी राकेशनाथ जी महाराज व पूज्य मनु जी महाराज के सानिध्य में हुई। महाआरती का संयोजन कर रहे महासभा के अध्यक्ष डॉ0 प्रवीण ने बताया कि

**आयोजित**

» सनातन महासभा ने की 108वी आदि गंगा माँ गोमती आरती

» महाआरती का संयोजन कर रहे महासभा के अध्यक्ष डॉ0 प्रवीण

आज महाआरती के पूर्व सनातन संस्कृति को प्रस्तुत करते सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ 501 दीपो से घाट दिवाली की तरह जगमगा उठा और सभी ने संरक्षक अमरनाथ मिश्र व गौसेवक आशा सिंह के नेतृत्व ने विश्व कल्याणकारी सनातन धर्म के विस्तार का संकल्प दीपो से सभी भक्तों को कराया। महाआरती कार्यक्रम में भक्तों ने स्वयं अपने अपने दीपो से मां गोमती महाआरती करके विसर्जन भी किया। इस भव्य कार्यक्रम का संचालन धर्मशील अग्रवाल व विकास मिश्र ने किया और भक्तो को अपनी मिमिक्री से मनोज सारस्वत ने हँसते हँसाते धर्म का ज्ञान तमाम फ्लिमी कलाकारों व राजनेताओ की आवाज में दिया। कार्यक्रम का आयोजन माँ पीताम्बरा देवी 108 कुंडीय महायज्ञ समिति के सहयोग से सम्पन्न हुआ। बाद में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आज की महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख का खूब प्रयोग किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ0 प्रभाकर शुक्ल, विकास मिश्र, राजेश शुक्ल, विनोद मिश्र ,ममता पांडेय, श्रवण प्रजापति, मधुलिका अग्रवाल, जुली गुप्ता, लखन द्विवेदी, दीप चंद गुप्ता, अजय भदौरिया, संजीत तिवारी,संजय चौबे, कंचन तिवारी, कमल कपूर, प्रदीप पांडेय, ज्ञान सिंह सहित सैकड़ों भक्त उपस्तिथ हुए। बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

### आदर्श कारागार व नारी बन्दी निकेतन का हुआ निरीक्षण

**लखनऊ।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट कार्यरत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ प्रेम प्रकाश द्वारा जिला कारागार लखनऊ आदर्श कारागार लखनऊ व नारी बन्दी निकेतन लखनऊ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें सम्बन्धित जेल के डिप्टी जेलर उपस्थित रहे। जेल विजिट में सम्बन्धित जेलर व कर्मचारियों द्वारा सहयोग किया गया तथा जेल बंदियों से मुलाकात की। उन्होंने जेल की साफ सफ्राई के निर्देश देने के साथ भोजन की व्यवस्था व साफ-सफाई को देखा। उन्होंने कहा कि महिला बंदियों को किसी भी तरह से किसी तरह की तकलीफ नहीं होनी चाहिए।

### थैलेसीमिया से पीड़ित अक्षित को इलाज को चाहिए 36 लाख

**अयोध्या।** गंभीर बीमारी थैलेसीमिया से पीड़ित अयोध्या के अक्षित मिश्रा के इलाज पर करीब 36 लाख का खर्च आएगा। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने आज बीकापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम बैतीकला के पुरवा बुकनवा के निवासी अक्षित एवं उनके पिता से अपने आवास पर मुलाकात की। उन्होंने 50 हजार की तत्काल सहायता दी।

पवन पांडे ने बताया कि अक्षित एक गंभीर बीमारी थैलेसीमिया से पीड़ित हैं। उनके इलाज में 36 लाख रुपए का खर्चा है, चूंकि अक्षित के पिता एक छोटी से दुकान से अपनी आजीविका चलाते हैं। इसीलिए ऐसी गंभीर बीमारी से लड़ने और अक्षित के इलाज के लिए 50000 का आर्थिक मदद की है। पवन पांडे ने सपा कार्यकर्ताओं और अपने शुभचिंतकों से निवेदन किया कि बच्चे की जितनी मदद हो सके उसकी मदद सबको करनी चाहिए। पवन पांडे ने ईश्वर से प्रार्थना किया कि अक्षित को इस गंभीर बीमारी से जल्दी ही निजात मिले।

## फर्रुखाबाद में अपराध पर लगाम लगाने के लिए बनेंगे वॉलंटियर्स

### हर गांव से 10 युवा होंगे नामित, संदिग्ध होने पर पुलिस को देंगे सूचना

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद जनपद के कमालगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर व क्षेत्र के गांव में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस गांव-गांव वॉलंटियर्स बनाएगी। इसके लिए क्षेत्राधिकारी अमृतपुर ने थाने में ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक की। वॉलंटियर्स गांव में होने वाली गुप्त सूचनाओं को पुलिस तक पहुंचाएंगे। पुलिस की मदद के लिए चुना जाएगा सीओ अमृतपुर रविंद्र नाथ राय के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक अमरपाल



सिंह ने थाने में प्रधान व ग्रामीणों के साथ ग्राम सुरक्षा समिति बैठक आयोजित की। सीओ ने कहा कि व्यापारी अपने घर व दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। हर गांव से 10 युवाओं को पुलिस की मदद के लिए वॉलंटियर्स चुना जाएगा। वॉलंटियर्स का ग्रुप बनाकर उनके कार्ड जारी किए जाएंगे। वार्ड के सभासद वॉलंटियर्स के नाम पुलिस को देंगे। वॉलंटियर्स गांव में होने वाली हर गतिविधियों की जानकारी पुलिस को देंगे। गांव में घूमने वाले अज्ञात व्यक्तियों से पूछताछ कर उनके पहचान पत्र देखेंगे। संदिग्ध पाए जाने पर पुलिस को सूचना देंगे। अवैध शराब बेचने-बनाने, जुआ , घटनाओं आदि की सूचना पुलिस तक पहुंचाएंगे।

## सिद्धार्थ नगर में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**सिद्धार्थ नगर।** सिद्धार्थ नगर में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक आयुक्त बस्ती मण्डल योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में हुई। जिसमें डीएम संजीव रंजन, एसपी अमित कुमार आनन्द, सीडीओ जयेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे।कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आयुक्त बस्ती मण्डल ने सर्वप्रथम सभी अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया। योगेश्वर राम मिश्र ने सभी को नव वर्ष की शुभकामना दी। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति कम पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र लक्ष्य पूर्ण कराने का निर्देश दिए। आयुक्त बस्ती मण्डल ने

**बैठक**

» आयुष्मान कार्ड बनाने की गति तेज करने के निर्देश, शिक्षा-स्वास्थ्य पर हुई चर्चा

कहा कि जो डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई करें। काम न करने वाले डॉक्टर व कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी। लोगों को परिवार नियोजन के लिए जागरूक करें। परिवार नियोजन का लक्ष्य पूर्ण करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। नियमित टीकाकरण कराया जा रहा है। आशा कार्यकत्री के पारिश्रमिक का माह नवम्बर 2022



तक भुगतान हो गया है। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने विद्युत के बकाया बिलों की वसूली में प्रगति लाकर लक्ष्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया तथा बड़े बकायेदारों की आरसी जारी करने का निर्देश दिया। आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि सरकारी धन के दुरुपयोग में आरोप सिद्ध होने पर संबधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही सामुदायिक शौचालय के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की तथा निर्देश दिया कि सामुदायिक शौचालय समय से खुले तथा लोग उसका उपयोग करे। आयुक्त ने जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श को खराब हैण्ड को रिबोर, ठीक कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान छात्रों की उपस्थिति के बारे में जानकारी चाही। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि छात्र विद्यालय आते हैं, रसोईयों के मानदेय का माह अक्टूबर 2022 तक का भुगतान कर दिया गया है। ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत विद्यालयों में बाउन्ड्री वॉल का निर्माण कराया गया है। 351 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास बनाए गए हैं। आयुक्त बस्ती मंडल, बस्ती ने विद्यालयों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। कौशल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई के अलावा ब्यूटिशियन का प्रशिक्षण कराएं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी को फॉर्म को ऑनलाइन फीडिंग कराने का निर्देश दिया। परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण ने आयुक्त को बताया कि मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 183 के लक्ष्य के सापेक्ष 180 लाभार्थियों का चयन किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अधिकारों के प्रति जागरूकता के लिए 9 जनवरी को मनाया जायेगा 'फार्मेसिस्ट अधिकार दिवस'

**लखनऊ।** प्रदेश में फार्मेसिस्ट संवर्ग के लिए रोजगार सृजन, अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूकता लाने, जनता को फार्मेसिस्ट के कार्य, दायित्व, योग्यता, तकनीकी दक्षता का ज्ञान कराने के लिए प्रदेश के फार्मेसिस्ट 9 जनवरी को 'फार्मेसिस्ट अधिकार दिवस' मनाएंगे। इस हेतु विभिन्न संस्थानों में कार्यक्रम होंगे और सोशल मीडिया के माध्यम से ट्वीट किए जायेंगे और सरकार को ज्ञापन का भी प्रेषण होगा। उक्त कार्यक्रम फार्मेसिस्ट फेडरेशन की यूथ विंग द्वारा आयोजित होगा। एकाएक फार्मेसिस्टो की साख गिरनी शुरू हो गई है, फार्मेसिस्टो के पद समाप्त हो रहे हैं। सी एच ओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर) के पदों की संकल्पना करते समय नेशनल हेल्थ पॉलिसी में फार्मेसिस्टो को भी वैलनेस सेंटर पर तैनात किए जाने की बात नीतिगत रूप से डॉक्यूमेंट में लाई गई थी लेकिन व्यावहारिक रूप से उसे लागू नहीं किया गया। जब कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर के पदों का सृजन होना शुरू हुआ (भले ही वह संविदा के आधार पर हो) उस समय केवल नर्सिंग संवर्ग के लोगों को ही सी एच ओ के योग्य माना गया और अब तो बीएससी नर्सिंग के कोर्स में ब्भ्व् की ट्रेनिंग को सम्मिलित कर दिया गया, बीव को कुछ दवाएं वितरित करने का अधिकार दिया गया जो नैतिक रूप से फार्मेसिस्टो के अधिकारों का हनन है। आज सरकारी क्षेत्रों के पद समाप्त हो रहे हैं। जिला अस्पताल और महिला अस्पताल मिलाकर मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं और वहां पर पूर्व से सृजित पद समाप्त हो रहे हैं। प्रदेश के लगभग दो हजार फार्मेसिस्ट, चीफफार्मेसिस्ट, प्रभारी अधिकारी फार्मेसी के पद समाप्त हो जाएंगे तो फिर नई नियुक्तियां कहां होंगी, इतनी बड़ी घटना इस संवर्ग के लिए हुई, आज ड्रग मार्केटिंग के क्षेत्र में एमबीए शिक्षा ग्रहण किए हुए लोग अधिकायत हैं, जबकि मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के साथ पूरे दवा व्यवसाय में फार्मेसिस्ट अपना पूरा योगदान दे सकता है। बड़े रोजगार सृजन का क्षेत्र फार्मेसिस्ट से छूटता जा रहा है। शोध के क्षेत्र में फार्मेसिस्ट कार्य कर रहे हैं लेकिन उनका नाम बाहर तक नहीं आता।'आज आवश्यकता है कि फार्मेसिस्ट अपने अधिकारों को जाने, इसे आम जनता तक ले जाएं, इसे सरकार तक ले जाएं, इसे जनप्रतिनिधियों तक ले जाएं, इसे मीडिया तक ले जाएं क्योंकि आज भी आम जनता फार्मेसिस्टो को केवल दवा वितरण करने वाला ही मानती है।

### मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में कम हुई छात्रों की संख्या,डीएम ने जताई नाराजगी

**बस्ती।** जिले में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना जिले में परवान नहीं चढ़ पा रही है। एपीएन पीजी कालेज में जिला स्तर पर सिविल सेवा परीक्षा, पीसीएस, जेईई, नीट, एनडीए, सीडीएस आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रतिभाशाली छात्रों को निशुल्क प्रशिक्षण, ऑनलाइन प्रशिक्षण, सलाह प्रदान किए जाने के लिए कक्षाएं संचालित की गई है। यह योजना जिम्मेदारों की उदासीनता की भेंट चढ गई है। हालत यह है कि पंजीकृत छात्रों की एक तिहाई संख्या भी कक्षाएं में नहीं पहुंच रही है।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वालों छात्रों की संख्या में दिन प्रतिदिन कमी आने पर डीएम प्रियंका निरंजन ने असंतोष व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय उच्च अधिकारी तथा डीआईओएस को छात्र, छात्रों का पंजीकरण एवं उपस्थिति बढ़ाने के लिए निर्देशित किया है। दोनों अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि माध्यमिक विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के प्राचार्य के साथ बैठक कर अधिक से अधिक छात्र संख्या बढाएं। इसमें किसी प्रकार की उदासीनता या लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। वर्तमान समय में सिविल में 89 पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष 30 छात्र, नीट में पंजीकृत 31 के सापेक्ष 22 छात्र, जेईई में पंजीकृत 11 के सापेक्ष 3 छात्र ही कक्षाओं में उपस्थित रहते है। एनडीए और सीडीएस परीक्षा के लिए पंजीकृत 16 छात्र में से कोई छात्र उपस्थित नहीं होता है। इस स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम ने योजना को गम्भीरतापूर्वक संचालित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिला, तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को भी निर्देश दिया कि समय निकालकर छात्र, छात्राओं का ज्ञान वर्धन करें। सभी माध्यमिक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य से अपेक्षा किया। कि वे कोचिंग के लिए अध्यापकों की तैनाती करें।

### ग्रेटर नोएडा में तेंदुआ, सोसायटी में हाइड्रोलिक क्रेन से की जा रही निर्माणाधीन इमारतों की जांच

**नोएडा।** जिले के बिसरख थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन अजनारा ली गार्डन सोसायटी में चार दिन पहले दिखाई दिए तेंदुए की खोज जारी है और उसे पकड़ने के लिए ड्रोन कैमरे तथा आधा दर्जन पिंजरे लगाने के साथ साथ हाइड्रोलिक क्रेन की मदद भी ली जा रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सेक्टर 16 की अजनारा ली गार्डन सोसायटी में मंगलवार को दिखे तेंदुए के वहां अब तक होने के कोई सबूत तो नहीं मिले हैं लेकिन आगे की कार्यवाही पर आज शाम तक फैसला लिया जाएगा। गौतमबुद्ध नगर के संभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए आधा दर्जन पिंजरे और कैमरे लगाए गए हैं लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली। उन्होंने बताया, हमने आज दमकल विभाग से एक हाइड्रोलिक क्रेन ली है, जिसकी मदद से निर्माणाधीन इमारतों के ऊपरी तलों की जांच की जा रही है कि कहीं तेंदुआ ऊपर ना चला गया हो। हम आज जांच जारी रखेंगे। अगर तेंदुए का कोई सुराग न मिला तो आगे की कार्यवाही पर शाम को निर्णय लिया जाएगा। श्रीवास्तव ने बताया कि जिन चार-पांच निर्माणाधीन इमारतों में तेंदुए के छिपे होने की बात कही जा रही है, उनके आसपास के क्षेत्रों की घेराबंदी करने का काम जारी है। उन्होंने बताया कि इन निर्माणाधीन इमारतों के दोनों तरफ आवासीय इमारतें हैं, जिससे स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई है।

### सुभासपा की सदस्यता सुख-दुःख में साथ रहने की गारंटी: राजभर

**बस्ती।** सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने चुनाव पूर्व गठबंधन के संकेत दिए हैं, लेकिन किस पार्टी के साथ उनका गठबंधन होगा यह साफ नहीं किया। सर्किट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कहा कि चुनाव आएगा, तब उस पर विचार किया जाएगा। कहा कि अभी सावधान रथ यात्रा समाप्त हुई है। महिला अधिकार महारैली मण्डलवार शुरू की गई है। यह पूछे जाने पर कि यात्राओं का दौर चल रहा है, क्या सभी यात्रा वाले एक साथ जुडेंगे। इस पर ओपी राजभर ने कहा कि यात्रा के माध्यम से लोगों को अपनी पार्टी में जोड़ने की कवायद होती है। यह एक जरिया होता है कि इसी बहाने वे जनता के बीच पहुंचे। इसी को भारत जोड़ो यात्रा नाम दे दिया जाता है। चुटकी लेते हुए कहा कि भारत कहां टूटा हुआ है, जो उसे जोडने की बात की जा रही है। उन्होंने कांग्रेस के कार्यों की सराहना की। कहा कि राहुल गांधी मेहनत कर रहे हैं, इसका उहें लाभ मिल रहा है। यह पूछे जाने पर कि क्ष्या उनकी सत्ता में वापसी हो सकती है। इस पर सुभासपा अध्यक्ष ने कहा वह अभी बहुत दूर है। कहा देश को आजादी मिलने के बाद सबसे अधिक काम कांग्रेस ने किया। लाख कोई पार्टियां सत्ता में आए, जितना काम कांग्रेस ने किया कोई पार्टी नहीं कर सकती। सुभासपा की सदस्यता लेने वालों को सुरक्षा देने के सवाल पर ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि बाल की खाल निकाली जा रही है।

### लखनऊ विश्वविद्यालय के 11 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 11 छात्रों का 3 कम्पनियों हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, कैरियर किक सर्विसेस) में प्लेसमेंट हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीस में बीटेक के छात्र चिरंजीव श्रीवास्तव का चयन प्रीमियर ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी (पीजीईटी) के पद पर (6) लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) कम्पनी में बीटेक के सात छात्रों शिवम वर्मा, प्रभात सिंह, सिद्धांत राजपूत, साक्षी प्रजापति, रश्मि मिश्रा, मो. सलमान अंसारी, शुभम सिंह और एमसीए की (1) छात्रा प्रतिष्ठा पांडेय का चयन असिस्टेंट सिस्टम इंजीनियर व ट्रेनी के पद अधिकतम (3.53) लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा कैरियर किक सर्विसेस कम्पनी में बीटेक के छात्र सौरभ कुमार और बीसीए की छात्रा श्रद्धा मिश्रा का चयन बिजनेस डेवलेपमेंट एक्सक्यूटिव के पद पर अधिकतम (3) लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी।

# 30 साल से कम युवाओं की किडनी हो रही डैमेज

## पेन किलर ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा, लाइफ स्टाइल में गड़बड़ी पड़ रही भारी

**संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ के न्यू हैदराबाद कॉलोनी के रहने वाले 23 साल के जय (परिवर्तित नाम) को एक दिन जानकारी हुई कि उनके ब्लड में क्रिएटिनिन लेवल बहुत हाई है। जब तक स्त्वक्क्लढ्ढ में इलाज के लिए एक्सपर्ट्र्स चिकित्सकों के पास पहुंचते। तक तक सप्ताह में दो बार डायलिसिस करवाना मजबूरी बन चुका था। उन्हें डॉक्टरों ने ट्रांसप्लांट की सलाह दी। बाहर डोनर की तलाश करने के बाद जब कोई नही मिला तो मां किडनी देने को तैयार हुई। इस बीच जय ने कहा कि एक बार यूपी से बाहर के डॉक्टरों से भी परामर्श ले लेना चाहिए। दिल्ली के लिए रिजर्वेशन करवाया। मगर, घर से निकलने से 2 घंटे पहले ही मौत हो गई। डॉक्टरों ने कहा कि दोनों किडनी डैमेज थी। नियमित दवा लेने में भी लापरवाही की। समय से ट्रांसप्लांट होता तो जान बच जाती।

बड़ी टेलीकॉम कंपनी में इंजीनियर के पद पर तैनात 29 साल के राज (परिवर्तित नाम) को किडनी में इन्फेक्शन का पता चला। लगभग 4 साल तक स्त्वक्क्लढ्ढ में इलाज किया। तब तक क्रिएटिनिन लेवल नार्मल से थोड़ा ज्यादा स्टेबल था। इस बीच लापरवाही करने लगे। 6 महीने तक स्त्वक्क्लढ्ढ की दवाई खाना बंद कर दिया। किसी की सलाह मानकर हिमांचल में तिब्बती पद्धति से उपचार कराने चले गए। हालत ज्यादा बिगड़ी तो गंभीर स्थिति में लाकर स्त्वक्क्लढ्ढ में भर्ती किया गया। हर 3 दिन में डायलिसिस होने लगी। जिसके बाद उनके पिता ने किडनी दिया। ट्रांसप्लांट सफल रहा, शादी भी हुई और अब एक बेटा भी हैं। रूटीन चेकअप के लिए अब समय से जाते हैं।

यह फोटो प्रो.अनीश श्रीवास्तव की है। इन्होंने बताया कि दर्द से राहत मिलने के लिए लोग पेन किलर ले रहे हैं।

यह फोटो प्रो.अनीश श्रीवास्तव की है। इन्होंने बताया कि दर्द से राहत मिलने के लिए लोग पेन किलर ले रहे हैं।

30 साल से कम के युवाओं में बढ़




डॉ. अनीश बताते है कि 30 साल से कम के युवाओं में किडनी की बीमारी ज्यादा हो रही है। दर्द से राहत दिलाने वाली दवाएं भविष्य में खतरनाक साबित होती हैं। लंबे समय से जिस व्यक्ति दर्द से आराम मिलने वाली किसी भी दवाएं खाता है, तो इसका असर किसी न किसी बॉडी ऑर्गन पर जरूर पड़ता हैं।

उन्होंने बताया कि अस्पताल की में ऐसे मरीज ज्यादा आ रहे हैं। जिनके हाथ पैर में काफी दर्द होता हैं। वायरल फ्लू के कारण ऐसे मरीजों की संख्या ज्यादा बढ़ गई हैं। जिस समय पर वायरल फ्लू फैला था। उस समय मरीज की रिपोर्ट नॉर्मल आ रही थी। मगर सारे लक्षण डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया के थे। ऐसे में जितने भी मरीज वायरल फ्लू की चपेट में आए। उनको ऐसी समस्याएं हो रही है। ऐसे में वह मरीज दर्द से आराम पाने के लिए बिना डॉक्टर के परामर्श के कॉम्बिफ्लेम, क्रोसिन जैसी राहत देने वाली मेडिसिन का सेवन कर लेते हैं। यह दवाएं भले ही दर्द से काफी राहत देती हैं। मगर, इन दवाइयों का असर काफी खतरनाक होता हैं। अस्पताल में रोजाना दो से तीन केस ऐसे आते हैं। जिनको इन दवाइयों का रिएक्शन हुआ होता हैं।

डॉ. अनीश बताते है कि किसी भी दवा के साथ एंटीबायोटिक इसलिए दिया जाता है। ताकि वह जो दवा खा रहा है। उसका रिएक्शन थोड़ा कम हो जाए। मरीज को पेट में जलन, एसिडिटी, उलझन जैसी समस्या न हो। ऐसे में बिना किसी डॉक्टर के परामर्श के दवा नहीं लेनी चाहिए। अगर हाथ पैर में भी दर्द हो रहा है तो पहले डॉक्टर से परामर्श लें। डॉक्टर द्वारा दी गई दवाइयों का ही सेवन करने की कोशिश करें।

इसके अलावा दर्द की दवा कितनी मात्रा में लेनी है, यह पूरी तरह से रोगी के वजन, लिंग, आयु और पिछले चिकित्सकीय इतिहास पर निर्भर करता हैं। यह खुराक मरीज की परेशानी और दवा देने के तरीके पर निर्भर करती हैं। वहीं, गर्भवती महिलाओं पर इसका प्रभाव मध्यम होता हैं। लंबे समय तक अगर कोई व्यक्ति दर्द की दवा खाता है तो इसका असर लिवर, हार्ट और किडनी पर पड़ता हैं। अगर किसी व्यक्ति को एलर्जी, रक्तस्राव, गुर्दे की बीमारी जैसी कोई समस्या हैं। तो उसे दर्द की दवा नहीं लेनी चाहिए। डॉ.अनीश श्रीवास्तव कहते हैं कि हमेशा स्वस्थ रहने के लिए रोजाना व्यायाम करने की सलाह देते हैं। संतुलित आहार लेना भी जरूरी है। किडनी को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना व्यायाम करें। इससे हाई ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है। यह मेटाबॉलिज्म भी बढ़ाता है। किडनी को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। पानी पीने से शरीर से विषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। यह शरीर को हाइड्रेट भी रखता हैं। यह किडनी के लिए भी फायदेमंद साबित होता है। इसके लिए रोजाना कम से कम 3 लीटर पानी पिएं।

# डिप्टी सीएम के ट्वीट से मंत्रालयों के बीच समन्वय की कमी उजागर, दिए गये जांच के आदेश

## पहले उच्च शिक्षा निदेशालय को प्रयागराज से लखनऊ स्थानांतरित करने को लेकर एक पत्र जारी हुआ था

**संवाददाता**

**लखनऊ।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने आज शुक्रवार को एक ट्वीट कर अपनी ही सरकार के बीच समन्वय की कमी को उजागर घ्कर दिया है।यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य के ट्वीट से मंत्रालयों के बीच आपसी समन्वय की कमी उजागर हुई है। मामला उच्च शिक्षा निदेशालय से जुड़ा है। इससे पहले उच्च शिक्षा निदेशालय को प्रयागराज से लखनऊ स्थानांतरित करने को लेकर एक पत्र जारी हुआ था जिसके बाद निदेशालय कर्मियों में ऊहापोह की स्थिति थी। प्रयागराज से उच्च शिक्षा निदेशालय लखनऊ स्थानांतरित नहीं होगा,कोई नया कार्यालय आये जो है वह नहीं जाये,यही प्रयास था है और रहेगा,गलत आदेश जारी करने की

**आदेश**

» यूपी सरकार के मंत्रालयों के बीच आपसी समन्वय की कमी को दिखाता है

होगी जांच।ग अब डिप्टी सीएम केशव मौर्य के ट्वीट ने जहां कयासों पर विराम लगाया, वहीं यूपी सरकार के मंत्रालयों के बीच आपसी समन्वय की कमी को दिखाता है। यूपी सरकार के स्तर पर उच्च शिक्षा निदेशालय को लखनऊ स्थानांतरित किए जाने की प्रक्रिया का खंडन कर दिया गया है। यूपी सरकार के विशेष सचिव डॉ. अखिलेश कुमार मिश्र की ओर से उच्च शिक्षा निदेशक को लिखे पत्र में कहा गया है कि 30 दिसंबर 2022



को लिखे पत्र में शासकीय कार्यहित में उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज को लखनऊ में प्रतिस्थापित किए जाने के संदर्भ मे निदेशालय कार्मिकों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। संपूर्ण निदेशालय को लखनऊ प्रतिस्थापित किये जाने हेतु निर्णय ले लिया गया है।इस संबंध में यह भी अवगत कराया गया है प्रशासनिक व विधिक दृष्टिकोण से सक्षम स्तर पर जो मत स्थिर किया जाएगा। उसी के आलोक में सरकार के सुशासन के सिद्धांतों के अनुरूप, अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

### राँची की बहुचर्चित घटना सुषमा बड़ाईक को दिनदहाड़े गोली मारने वाले सलीम गैंग के दो शूटर लखनऊ से गिरफ्तार

**संवाददाता**

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने राँची की बहुचर्चित घटना जिसमें सुषमा बड़ाईक को पुलिस सुरक्षा में होने के बावजूद दिनदहाड़े गोली मारकर फरार होने वाले सलीम, शोहराब व रुस्तम गैंग के दो शूटरों को लखनऊ के पारा थानाक्षेत्र से गिरफ्तार किया गया हैं। जिनकी पहचान फरहान खान पुत्र समीउल कदर खाँ निवासी दुबग्गा बरौरा हुसैन बाड़ी थाना ठाकुरगंज और मो. मुद्दसिर पुत्र अतीक अहमद निवासी बाजारखाला नियर चारमिनारी मस्जिद धोबीसराय थाना बाजारखाला लखनऊ के रूप में हुई हैं। इनकी गिरफ्तारी राँची पुलिस व एसटीएफ के सहयोग से हुई हैं। दीपक कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक एसटीएफके पर्यवेक्षण में निरीक्षक हेमंत भूषण सिंह के नेतृत्व में हेड.का. हरीश सिंह चौहान, मु.आ पवन सिंह विशेन, आलोक रंजन, सुनील कुमार यादव, आरक्षी राम सिंह द्वारा की गई। पूछताछ पर अभियुक्त फरहान ने बताया कि हम कई वर्षो से सलीम, शोहराब व रुस्तम गैंग के लिए काम कर रहे हैं। लखनऊ में भी कई संगीन वारदातों को अंजान दिया है। साथ ही मेरी बहन अमरीन की शादी आरा, बिहार के रहने वाले पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी की पार्टी हम के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव व राष्ट्रीय प्रवक्ता दानिश रिजवान के साथ हुई थी। मेरे बहनोई दानिश रिजवान के द्वारा बताया गया कि राँची की रहने वाली एक महिला सुषमा बड़ाईक उर्फ पदमा बढाईक जिसने झारखण्ड के आई.जी नटराजन समेत कई लोगों के विरुद्ध यौन शोषण व बलात्कार के मुकदमें दर्ज कराये हैं। मेरे ऊपर भी यौन शोषण करने के आरोप में केस दर्ज कराने का प्रयास कर रही है। मेरे ऊपर आरोप लगा रही है कि उसके बेटे का पिता मैं हूँ। मेरे बहनोई ने सुषमा की हत्या करने के लिए कहा था। मैंने अपने बहनोई दानिश की मुलाकात अपने दोस्त मुद्दसिर जो कि बाजारखाला के पास का रहने वाला है और गुड्डू उर्फ उमर जो बारुद खाना चिकमन्डी लखनऊ का रहने वाला से कराई और वहीं पर हम लोगों ने सुषमा को मारने का प्लान बनाया।

### अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने नोएडा में फेस-वन थाना क्षेत्र के सेक्टर-1 में चल रहे एक अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी विदेशी कॉल को इंटरनेट के माध्यम से लोकल कॉल में परिवर्तित कर भारत सरकार को करोड़ों रुपये का चूना लगा रहे थे। अधिकारी के मुताबिक, पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि आरोपी कहीं राष्ट्र विरोधी तत्वों के साथ जुड़कर कॉल तो नहीं करवा रहे थे। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि फेस-वन थाना पुलिस को टाटा कम्युनिकेशन कंपनी के अधिकारी राजीव रंजन ने सूचना दी थी कि सेक्टर-1 में अवैध रूप से एक टेलीफोन एक्सचेंज का संचालन किया जा रहा है, जिसकी मदद से संचालक इंटरनेट कॉलिंग के माध्यम से विदेशी कॉल को लोकल कॉल में बदलकर भारत सरकार को तथा उनकी कंपनी को करोड़ों रुपये का चूना लगा रहे हैं। द्विवेदी के मुताबिक, घटना की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर सेक्टर-1 में चल रहे अवैध टेलीफोन एक्सचेंज में काम करने वाले कौशिक दास और ज्ञान सिंह को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में इंटरनेट के डोंगल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, लैपटॉप, मोबाइल फोन आदि बरामद किया है। द्विवेदी के अनुसार, इस गिरोह में कुछ और लोग शामिल हैं।

### लोक निर्माण मंत्री ने एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया उद्घाटन

## सड़क सुरक्षा जनता से सीधे जुड़ा हुआ विषय है

**संवाददाता**

**लखनऊ।** लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि सड़क सुरक्षा बहुत ही संवेदनशील विषय है। सड़क सुरक्षा जनता से सीधे जुड़ा हुआ विषय है। इस दिशा में काफी सुधार किये जाने की जरूरत है। इसमें लोक निर्माण विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर सड़क सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया सकता है। ये बातें प्रदेश के सड़क सुरक्षा एवं ब्लैक स्पॉट के अल्पकालिक सुधारीकरण हेतु आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम में कहीं। लोक निर्माण विभाग स्थित तथागत सभागार में सड़क सुरक्षा एवं ब्लैक स्पॉट के अल्पकालिक सुधारीकरण हेतु

**कार्यक्रम**

» सड़क दुर्घटना एवं उससे होने वाली जनहानि को रोकना बहुत जरूरी

आयोजित ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना एवं उससे होने वाली जनहानि को रोकना बहुत जरूरी है। सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। खानापूर्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी, लापरवाही मिलने पर सम्बंधित की जवाबदेही तय की



जाएगी। साथ ही रोड सेफ्टी के अन्तर्गत पिछले वर्षों में स्वीकृत एवं वर्तमान में स्वीकृत समस्त कार्यों को प्रत्येक दशा में 31 मार्च तक पूर्ण किया जाय। मार्गों के कैरियज-वे पर आने वाले इलेक्ट्रिक पोल एवं पेड़ों को हटाने की कार्यवाही तत्काल की जाय। राज्य मार्गों, प्रमुख जिला मार्गों से निकलने वाले ग्रामीण मार्गों, जिनका लेवल मुख्य मार्गों से काफी नीचे है, के सुधारीकरण पर विशेष ध्यान देकर प्रमुख जिला मार्गों पर अवैध कट को बन्द कराये जाने हेतु, जिला प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग लेकर प्रभावी कार्यवाही हो। लोक निर्माण मंत्री ने निर्देश दिया कि मार्गों के जंक्शन के सुधार कार्य, मार्गों पर स्थित स्कूल, हॉस्पिटल एवं जनसमुदाय केन्द्रों पर रोड सेफ्टी से सम्बन्धित कार्य प्राथमिकता से कराये जाय। उन्होने कहा कि जिला सड़क सुरक्षा समितियों की मासिक बैठक प्रति माह की 7 तारीख को सम्पन्न कराते हुये उसका कार्यवृत्त मोर्थ के पोर्टल पर अपलोड किया जाय।

### गन्ना मूल्य घोषित न होने से किसान परेशान: रालोद

**संवाददाता**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल द्वारा चलाये जा रहे किसान संदेश अभियान के माध्यम से पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में किसान भाई अपनी आवाज को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कानों तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 9 जनवरी को किसान संदेश अभियान के प्रथम चरण में पूरे प्रदेश भर से जिला मुख्यालयों के माध्यम से

**अभियान**

» नौ जनवरी को मुख्यमंत्री को 50 हजार भेजेंगे संदेश पत्र

50000 से भी अधिक किसान एक साथ किसान संदेश अभियान पत्र को मुख्यमंत्री को भेजने की तैयारी कर रहे हैं।श्री सिंह ने बताया कि अभी तक 20000 हजार किसान इस अभियान में हिस्सा लेकर गन्ने का लाभकारी मूल्य घोषित कराने के लिए स्वयं के हस्ताक्षर युक्त किसान संदेश पत्र सूबे के मुख्यमंत्री को प्रेषित कर चुके हैं। अभी 5 जनवरी को किसान संदेश अभियान के तहत हैशटैग कार्यक्रम में पूरे उत्तर प्रदेश से किसानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें 50000 से अधिक किसानों ने एक साथ हैशटैग किया। जोकि भारत के ट्विटर ट्रेंड में 35वें स्थान पर रिकॉर्ड दर्ज किया। किसानों का यह कदम उत्तर प्रदेश की किसान विरोधी सरकार को बड़ा संदेश देने वाला है।

### सांसद खेल महाकुंभ को लेकर निकाली बाइक रैली

**बस्ती।** जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले सांसद खेल महाकुंभ के आयोजन को लेकर रुधौली नगर पंचायत में प्रभारी सत्येंद्र सिंह भोलू के नेतृत्व में मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। सांसद खेल महाकुंभ रैली के लिए जागरूक किया गया। बाइक रैली थाना शिवमन्दिर से शुभारंभ हुआ, जो महादेव सिंह रोड होते हुए दिल्लेश्वरी इंटर कालेज से बुद्धि बजार, बखिरा चौराहा, डुमरियागंज चौराहे होते हुए थाना शिव मन्दिर पर समापन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सत्येंद्र सिंह भोलू ने कहा कि इस रैली का उद्देश्य 18 जनवरी से 28जनवरी तक होने वाले सांसद खेल महाकुंभ में बड़ी संख्या में लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बाइक रैली में राकेश शर्मा, मनोज ठाकुर, विजय तिवारी, राम उग्रह जयसवाल, रवि जायसवाल, अजीत प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह, गोपाल सिंह, जीतेन्द्र भाटिया, मनोज सोनी, शशांक शुक्ला, राकेश सिंह, अजय मिश्रा, विमल सिंह, फूलचंद, सृजन सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लुटेरे गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार,तीन फरार

**बहराइच।** जिले में गल्ला व्यापारी के साथ बीते दिनों हुई लूट की वारदात की खुलासा हुआ है। देहात कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम पर्दाफाश करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जबकि तीन अभी फरार चल रहे हैं। बदमाशों के पास से कट्टा व कारतूस बरामद हुए हैं। एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि 1 जनवरी को शहर के शिव नगर मोहल्ला निवासी आलोक कुमार के घर में बदमाशों ने घुसकर परिवार वालों को बंधक बना लिया था।

## गैस पाइपलाइन में काम करते समय हुआ ब्लास्ट, 3 झुलसे; 7 ने कूदकर बचाई जान

# लखनऊ के इम्प्रियो ग्रैंड होटल में लगी आग

**संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ के इम्प्रियो ग्रैंड होटल में आग लग गई। बताया जा रहा है कि किचन में गैस पाइपलाइन ठीक की जा रही थी तभी अचानक से ब्लास्ट हो गया। इससे अफरा-तफरी मच गई। काम कर रहे तीन कर्मचारी झुलस गए। वहीं सात लोग बचने के चक्कर में छत से कूद गए। जिससे उनके पैर में चोट लग गई और वो गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। किचन में झुलसे तीन लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। इसके बाद सभी घायलों को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही आग पर काबू पाया। घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

कृष्णानगर एसीपी विनय कुमार द्विवेदी ने बताया कि इम्प्रियो ग्रैंड होटल शुक्रवार को किचन में बिछी पीएनजी लाइन ठीक की जा रही थी। अचानक पाइप लाइन ठीक करते वक्त उसके रेगुलेटर में धमाका हो



गया। इसी के साथ वहां रखे सामान में आग लग गई। तेज धमाके और चीखपुकार से होटल में अफरातफरी का माहौल बन गया। दमकल की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया। धमाके और आग से मामूली रूप से दो महिलाओं समेत दस लोग घायल हो गए। जिसमें नीतू (35), पवन (30), हिमांशु (18), ओम प्रकाश (24), राज कमल (25), शिवांगी (21), शुभम (22), राहुल (27), रोहन (23) और इस्लामुद्दीन (22) है। सभी को लोक बंधु भेजा गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

धमाका इतनी तेज है कि होटल के कांच फूटे, लिफ्ट के टाइल्स टूटे

किचन में गैस पाइल लाइन में धमका इतनी तेज था कि किचन और होटल के आसपास के कमरों में लगे कांच टूट गए। वहीं लिफ्ट के पास लगी टाइल्स भी टूट गए। धमाका इतनी तेज थे कि होटल में रुके लोग कमरों से बाहर आ गए। पुलिस ने एहतियातन भी सभी को बाहर निकाला।

# सम्पादकीय

## निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार को स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर राहत मिल ही गई। सुप्रीम कोर्ट ने योगी सरकार के हक में फैसला देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाते हुए तीन महीने तक निकाय चुनावों कोटाल दिया है। इन तीन महीनों में पिछड़ा वर्ग आयोग आरक्षण की रिपोर्ट पेश करेगा और तब जाकर चुनाव होंगे। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ओबीसी आरक्षण रद्द करते हुए योगी सरकार से कहा था कि वह आरक्षण के बिना तत्काल शहरी निकाय चुनाव कराएं। उत्तर प्रदेश में विपक्षी दल इस मुद्दे पर योगी सरकार को घेरने का हरसम्भव प्रयास कर रहे थे और आरोप लगा रहे थे कि सरकार ओबीसी को आरक्षण देना ही नहीं चाहती। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा ने विपक्ष से हथियार छीन लिया है। निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षणपर न केवल उत्तर प्रदेश में बल्कि बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में भी पेच फंस चुका है। आरक्षण का प्याला एक ऐसा अमृत प्याला बन चुका है जिसे हर राजनीतिक दल पी लेना चाहता है। कोई भी राजनीतिक दल इस मुद्दे को छोड़ना नहीं चाहता। उत्तर प्रदेश के नगर निकायों का कार्यकाल 19 जनवरी तक समाप्त हो रहा है और राज्य में 760 निकायों में चुनाव होना है। गत 5 दिसम्बर को योगी सरकार ने चुनाव को लेकर आरक्षण की अधिसूचना जारी की थी लेकिन कुछ लोग इसके ख्लिलाफहाईकोर्ट पहुंच गए। हाईकोर्ट में याचिकाकर्ताओं की तरफ से दलील दी गई ध्कि योगी सरकार ने आरक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट के ट्रिपल टैस्ट फार्मूले का इस्तेमाल नहीं किया है। ट्रिपल टैस्ट दरअसल आरक्षण का त्रिस्तरीय मूल्यांकन है। दो वर्ष पहले महाराष्ट्र में नगर निकाय चुनावों को लेकर जब पेच फंसा था तब सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि अगर कोई राज्य सरकार, नगर निकाय चुनाव में ओबीसी वर्ग के लिए सीटें आरक्षित करना चाहती हैं, तो उससे पहले उसे एक डेडिकेघ्टेड ओबीसी कमीशन का गठन करना पड़ेगा, ताकि राज्य मेंघ् पिछड़ेपन को लेकर जानकारी जुटाई जा सके। आरक्षण की व्यवस्था इस तरीके से की जाए कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी को मिलाकर 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण की सीमा का उल्लंघन ना हो। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में साफ तौर पर कहा है कि स्थानीय निकाय चुनाव में पिछड़े वर्ग को आरक्षण तभी दिया जा सकता है जब सरकार ट्रिपल टैस्ट कराए। सरकार को यह पता लगाना चाहिए कि किस वर्ग को पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है।

## जोखिम और नियमन

ऐसे तमाम काम हैं, जो इंटरनेट या डिजिटल माध्यम की वजह से पहले के मुकाबले काफी आसान हुए और अब यह आम लोगों की जरूरत भी बन गए हैं। लेकिन इसके साथ यह भी होता गया कि इंटरनेट या इससे जुड़ी तकनीकी लोगों पर इस कदर हावी होने लगी है कि उससे आम जीवन कई स्तरों पर प्रभावित हो रहा है। खासतौर पर बच्चों की दुनिया में बढ़ते खालीपन और एकाकीपन की भरपाई अब डिजिटल गतिविधियों से होने लगी हैं। सवाल है कि आम लोगों और बच्चों तक के बीच इस क्षेत्र में बढ़ती सक्रियता का दायरा क्या है और वह किस स्तर तक सुरक्षित है! हाल के वर्षों में ऐसे तमाम मामले सामने आए, जिनमें इंटरनेट पर या किसी आनलाइन खेल का हिस्सा बनने वाले लोगों और बच्चों को इसका अंदाजा भी नहीं हुआ कि वे कैसे मानसिक से लेकर आर्थिक जंजाल में फंसते जा रहे हैं और उन्हें इसका भारी नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। ऐसी आनलाइन गतिविधियों को लेकर अब तक ऐसा कोई विस्तृत और ठोस नियमन नहीं रहा है, जिसके सहारे इसकी वजह से मुश्किल में पड़े लोग अपने लिए कोई मदद हासिल कर सकें। यही वजह है कि सरकार ने अब सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में संशोधन के लिए एक मसविदा पेश किया है, जिसके तहत स्व-नियामकीय निकाय बनाने का प्रावधान है। साथ ही, अब आनलाइन खेल संचालित करने वाली कंपनियों को सट्टा लगाने की इजाजत नहीं होगी। मसविदे के मुताबिक, अब आनलाइन खेल के प्रतिभागियों के सत्यापन की व्यवस्था करने के साथ ही उन्हें इस तरह के खेलों की लत और वित्तीय नुकसान से बचाने के भी उपाय निकाले जाएंगे। दरअसल, आम जनजीवन में डिजिटल माध्यम का विस्तार अब जरूरी कामों के समांतर युवाओं और बच्चों की निजी दुनिया में भी जिस तरह हुआ है, उसके कुछ आयाम एक संजाल की तरह जकड़ रहे हैं। मसलन, आनलाइन खेल को लेकर बच्चों के बीच भी जैसा आकर्षण बढ़ा है, वह केवल मनोरंजन की हद तक सीमित नहीं है। उसमें पैसों की ठगी से लेकर सट्टेबाजी तक के बढ़ते मामलों ने एक नई चिंता पैदा की है। अक्सर ऐसी खबरें आती रहती हैं कि ऐसे मनोरंजन में कोई बच्चा खरीदारी के नाम पर ठगी का शिकार हो गया और उसके परिवार के किसी व्यक्ति के बैंक खाते से बड़ी रकम निकाल ली गई। इसी तरह ऐसे खेलों के दायरे में सट्टेबाजी के मामले भी देखे जा रहे हैं। इसमें ठगी की वजह से खुदकुशी तक की घटनाएं भी सामने आईं। जाहिर है, फिलहाल डिजिटल दायरे में चलने वाले ऐसे खेल पर कोई अंकुश न होने या इसे लेकर सख्त नियम-कायदों के अभाव ने आनलाइन ठगी करने वालों को एक तरह से खुला मैदान मुहैया कराया है, जिसके शिकार बच्चे और अन्य साधारण लोग हो रहे हैं।

# अवाम के तमाम जरूरी मुद्दों पर बहस




अभी हाल ही में हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन विधानसभा में जो शायराना मंजर सामने आया, उसने लोकतंत्र के मुरीदों में जहां सुखद अहसास पैदा किया वहीं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को मर्यादा की सीमाओं में रहकर व्यवहार करने के हमारे पूर्वजों के उच्च मूल्यों की एक मिसाल भी पेश की। अवाम के तमाम जरूरी मुद्दों पर बहस हुई। एक तरफ सरकार के मुखिया मनोहरलाल खट्टर मोर्चा संभाले हुए थे तो दूसरी तरफपूर्व मुख्यमंत्री तथा कांग्रेस के सीनियर लीडर भूपेंद्र सिंह हुड्डा। एक बार तो ऐसा लगा कि विधानसभा ही शायराना मिजाज की हो गई है। फिर चला सिलसिला हल्के-फुल्के अंदाज में शे'र-ओ-शायरी का। हल्के-फुल्के माहौल में शायराना अंदाज में खूब तंज भी कसे गये मगर जुबां में तल्खी न थी। मुद्दे जरूरी थे, अंदाज सलीकेदार थे मगर कड़वाहट न थी। ऐसे में सवाल ये पैदा हुआ कि देश की दूसरी विधानसभाओं और संसद में जनता के नुमाइंदों में ऐसी सोच क्यों नजर नहीं आती। क्या जरूरी है कि ऊंची आवाज में ही बात कही जाये? जरूरी है कि हर बात में तल्खी नजर आए? नये साल की नई सुबह खुशनुमा अहसासों की उम्मीद जगाती आई है। यह बात भी पक्की है कि साल तो आते जाते रहते हैं। फिर नये सवाल

> **जनप्रतिनिधियों को मर्यादा की सीमाओं में रहकर व्यवहार करने के हमारे पूर्वजों के उच्च मूल्यों की एक मिसाल भी पेश की। अवाम के तमाम जरूरी मुद्दों पर बहस हुई। एक तरफसरकार के मुखिया मनोहरलाल खट्टर मोर्चा संभाले हुए थे तो दूसरी तरफपूर्व मुख्यमंत्री तथा कांग्रेस के सीनियर लीडर भूपेंद्र सिंह हुड्डा। एक बार तो ऐसा लगा कि विधानसभा ही शायराना मिजाज की हो गई है। फिर चला सिलसिला हल्के-फुल्के अंदाज में शे'र-ओ-शायरी का। हल्के-फुल्के माहौल में शायराना अंदाज में खूब तंज भी कसे गये मगर जुबां में तल्खी न थी। मुद्दे जरूरी थे, अंदाज सलीकेदार थे मगर कड़वाहट न थी। ऐसे में सवाल ये पैदा हुआ कि देश की दूसरी विधानसभाओं और संसद में जनता के नुमाइंदों में ऐसी सोच क्यों नजर नहीं आती। क्या जरूरी है कि ऊंची आवाज में ही बात कही जाये? जरूरी है कि हर बात में तल्खी नजर आए?**

सामने आते हैं और उनसे जूझना हमारी नियति होती है। बीत गया साल भी ऐसे कई सवाल छोड़ गया है, जिनके जवाब आने अभी बाकी हैं। हम दुनिया की सबसे बड़ी जम्हूरियत हैं। इसके साथ ही सबसे बड़ा सवाल हमारे सामने आता है कि क्या हमारे नुमाइंदे इस बड़े लोकतंत्र के हिसाब से आचार व्यवहार करते हैं? क्या उनकी कथनी और करनी एक जैसी है? उनमें ऐसे गुण हैं कि हम अपने बच्चों से कह सकें कि तुम बड़े होकर फ्लां नेता जैसा बनना? यहां राजनीति में लगातार बढ़ रहे दागी लीडरों की संख्या का सवाल नहीं है। सवाल आम जनता के बीच से होकर गुजरता है। जब मुल्क आजाद हुआ तब कहीं भी ऐसे हालात न थे। अच्छे बुरे नेता हर दौर में होते हैं। आजादी के बाद के कुछ सालों तक तो स्वतंत्रता आंदोलन की कोख से पैदा हुए लीडरों ने सामाजिक जिंदगी में तमाम तरह की मिसालें पेश की थीं। मगर धीरे-धीरे मर्यादा में गिरावट का दौर तेजी पकड़ता रहा, जो अब थमने का नाम नहीं ले रहा है। देश की संसद से लेकर विधानसभाओं में विधायकों में मारपीट के तमाम किस्से बार-बार सामने आते रहे हैं। उत्तर प्रदेश में सपा व भाजपा के विधायकों की मारपीट के कई किस्से हम सबने सुने हैं। पिछले साल मार्च में बंगाल विधानसभा में भी विधायकों के बीच मारपीट का मामला सामने आया था। वहां बीजेपी और तृणमूल कांग्रेस के विधायकों में जमकर मारपीट हुई थी, जिसके बाद पांच विधायकों को सस्पेंड कर दिया गया था। ऐसी ही कई घटनाएं बिहार विधानसभा में भी हुईं। सवाल ये है कि अवाम के नुमाइंदे उनकी तरक्की और भलाई के लिये चुने जाते हैं तो लड़ाई झगड़ा किस लिये? लीडरों का यही आचरण जनता का भरोसा खोने की वजहबनता है। सही बात तो ये है कि देश की राजनीति आज इतनी बदरंग हो गई है कि जनता उसे भरोसे के काबिल नहीं समझती। एक समय था जब राजनीति में उसूलों को तरजीह दी जाती थी। एक बार संसद में पंडित नेहरू ने अपनी गलती का अहसास होने पर जनसंघ नेता श्यामा प्रसाद मुखर्जी से माफी मांगी थी। अटल बिहारी वाजपेयी देश के हाजिर-जवाब और बेबाक लीडर थे। विपक्ष में रहते हुए वे सरकार की नीतियों पर तीखे हमले बोलते थे। एक मौके पर पंडित नेहरू ने किसी से पूछा, ये तेजतर्रार लड़का कौन है? ये विपक्ष में क्या कर रहा है, हमारे साथ क्यों नहीं है? ऐसे ही जब पहली बार अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार एक वोट से गिरी तो उन्होंने जोड़तोड़ से सरकार बनाने की बजाय नये सिरे से चुनाव में जाने का मन बनाया। ऐसा ही वाकया नरसिम्हा राव की सरकार के दौर में हुआ जब कश्मीर के मुद्दे पर भारत की बात को जोरदार ढंग से रखने के लिये अटल बिहारी वाजपेयी को संयुक्त राष्ट्र की बैठक में भेजा गया। वहीं इससे पहले जब वर्ष 1971 में भारत ने बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में बदलावकारी भूमिका निभाई तो कुछ विपक्षी लीडरों ने इंदिरा गांधी के फैसले की आलोचना की। तब अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें दुर्गा की संज्ञा देकर जिम्मेदार विपक्ष की मिसाल पेश की थी। ऐसे ही 1962 के युद्ध में जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सैनिकों के लिये मददगार भूमिका निभाई तो पंडित नेहरू ने उनकी सराहना की थी। भारत की राजनीति में पहले ऐसे तमाम वाकये हुए हैं जब बड़े नेताओं ने बड़प्पन दिखाया। दुर्भाग्य से हाल के वर्षों में लीडरों ने अपनी साख को खोया है। उसकी वजह उनकी कथनी और करनी में फर्क होना है। वे अच्छे दिनों का सपना दिखाकर सत्ता में तो आ जाते हैं मगर अच्छे दिन का अहसास अवाम को नहीं होता। ज्यादा दूर जाने की जरूरत नहीं हैकृ दिल्ली के रामलीला मैदान में व्यवस्था बदलने के लिये जो आंदोलन अन्ना हजारे की रहनुमाई में चला, उसका हश्र सबने देखा। देश में एक उफान था कि व्यवस्था बदलने वाली है। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति अब एक हकीकत बनेगी। अन्ना तो घर लौट गये मगर उस जनता की भावनाओं के उफान को अरविंद केजरीवाल ने लपक लिया। फिर केजरीवाद का जो दौर चला उसका किस्सा सबके सामने है। बदलाव के लिये जो नये नेता अरविंद केजरीवाल के साथ जुड़े थे वे एक-एक करके अलग होते गये। वे सुप्रीम लीडर हो गये और बाकी तीसमार खां निकलते गये। धीरे-धीरे सुप्रीम कोर्ट के प्रतिष्ठित वकील प्रशांत भूषण, सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव, आनन्द कुमार केजरीवाल का साथ छोड़ते गये। बाद में कवि कुमार विश्वास भी अलग हो गये। बाकी रह गया तो केजरीवाद।

दुनिया के कई एक मुल्कों में लोकतंत्र कायम है और वहां की मिसालें भी काबिले तारीफ हैं। पिछले दिनों ब्रिटेन की राजनीति में आला दर्जे की लीडरशिप नजर आई। ब्रिटेन में कंजरवेटिव पार्टी की लीडर व प्रधानमंत्री लिज ट्रस को जब लगा कि वह हुकूमत चलाने की स्थिति में नहीं हैं और जनता के भरोसे पर खरी नहीं उतर सकी हैं तो उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उनके जाने से एक भारतवंशी ऋषि सुनक को प्रधानमंत्री बनने का मौका मिल गया।

# रेलवे और जिला प्रशासन ने एक संयुक्त सर्वे किया

उत्तराखंड के हल्द्वानी में रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण के नाम पर 4 हजार परिवारों को उनके आशियाने से बेदखल करने के आदेश पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला उन पचास हजार लोगों के लिए बड़ी राहत है, जो अपना घर बचाने के लिए कड़कड़ाती ठंड में प्रदर्शन कर रहे थे। यह फैसला इस बात की याद भी दिलाता है कि प्रशासन केवल किताब में लिखी इबारत पर आंख मूंद कर नहीं चल सकता। अगर कानूनी और प्रशासनिक अधिकार इंसानियत की कसौटी पर खरे न उतर सकें, तो वे बेमानी हैं। गौरतलब है कि हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके की गफूर बस्ती, ढोलक बस्ती व इंदिरा कालोनी में 2016-17 में रेलवे और जिला प्रशासन ने एक संयुक्त सर्वे किया था और उसके बाद 4365 संपत्तियों को अतिक्रमण बताया था। रेलवे का कहना है कि उसके पास मौजूद पुराने नक्शे, 1959 का नोटिफिकेशन, 1971 का रेवेन्यू रिकॉर्ड और 2017 के सर्वे के नतीजों के मुताबिक यह जमीन उसकी है। रेलवे ने नैनीताल हाईकोर्ट से कहा था कि कोई भी अतिक्रमणकारी उस जमीन पर दावा करने के लिए कोई कानूनी दस्तावेज पेश नहीं कर सका। हाईकोर्ट ने इस मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद रेलवे के पक्ष में फैसला सुनाते हुए दिसंबर में आदेश दिया था कि 28 एकड़ जमीन से अतिक्रमण हटाया जाए। लेकिन रेलवे ने जिन संपत्तियों को अतिक्रमण बताकर हटवाना चाहा, वे केवल ईट-पत्थर के निर्माण नहीं हैं। इसमें 4365 मकान, तीन सरकारी स्कूल, 11 निजी स्कूल, 10 मस्जिद, 12 मदरसे,

> **जो अपना घर बचाने के लिए कड़कड़ाती ठंड में प्रदर्शन कर रहे थे। यह फैसला इस बात की याद भी दिलाता है कि प्रशासन केवल किताब में लिखी इबारत पर आंख मूंद कर नहीं चल सकता। अगर कानूनी और प्रशासनिक अधिकार इंसानियत की कसौटी पर खरे न उतर सकें, तो वे बेमानी हैं। गौरतलब है कि हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके की गफूर बस्ती, ढोलक बस्ती व इंदिरा कालोनी में 2016-17 में रेलवे और जिला प्रशासन ने एक संयुक्त सर्वे किया था और उसके बाद 4365 संपत्तियों को अतिक्रमण बताया था। रेलवे का कहना है कि उसके पास मौजूद पुराने नक्शे, 1959 का नोटिफिकेशन, 1971 का रेवेन्यू रिकॉर्ड और 2017 के सर्वे के नतीजों के मुताबिक यह जमीन उसकी है।**

एक पब्लिक हेल्थ सेंटर और एक मंदिर भी है। गफूर बस्ती व ढोलक बस्ती में ऐसे हजारों लोग हैं, जो कई पीढ़ियों से यहां रह रहे हैं और कई लोग ऐसे हैं जो रोजी-रोटी की तलाश में हल्द्वानी आए और यहीं के होकर रह गए। इन हजारों परिवारों ने गाढ़ी कमाई से अपने ऊपर छत का इंतजाम किया। लेकिन हाईकोर्ट के एक फैसले से उनके सामने जिंदगी-मौत का




सवाल आ खड़ा हुआ। यही वजह है कि दिसंबर-जनवरी की सर्दी में जब लोग आराम से रजाई में दुबके रहना चाहते हैं, हल्द्वानी के इस इलाके में छोटे बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग सभी अपने घरों को बचाने सड़कों पर दिन-रात बैठे हुए थे। जवाब दो, हमारे भविष्य का क्या होगा। जवाब दो, हमारे साथ भेदभाव क्यों, ऐसे नारे लिखी तख्तियों को लेकर ये लोग सड़कों पर बैठे रहे, ताकि इनके घरों पर बुल्डोजर न चले। वैसे भी भाजपा के शासनकाल में बुल्डोजर इंसाफ का नया प्रतीक बन चुका है। राज्य की भाजपा सरकार ने इस मामले में जिस तरह की बेरूखी दिखलाई है, वो काफी हैरान करने वाली है। किसी राज्य के पचास हजार लोगों पर एकदम से बेघर होने की तलवार लटक जाए, तो कायदे से मुख्यमंत्री को सबसे पहले उन लोगों के पास पहुंच कर उन्हें राहत पहुंचाने, दिलासा देने की कोशिश करना चाहिए। यह भरोसा दिलाना चाहिए कि वे उनके साथ अन्याय नहीं होने देंगे। मगर इस इलाके के लोगों का कहना है कि राज्य सरकार के नुमाइंदों ने अदालत में उनके हक की पैरवी नहीं की। लोगों का कहना है कि इसे अतिक्रमण कहा जाना पूरी तरह गलत है क्योंकि यहां पर वे लोग सालों से रह रहे हैं और किसी भी कीमत पर अपने घरों को बचाएंगे। लोगों की सरकार से नाराजगी जायज है, क्योंकि हजारों मकान, स्कूल और धार्मिक स्थल रातों-रात खड़े नहीं हुए हैं जब ये सब बन रहे थे, तब प्रशासन क्यों अकर्मण्य बना रहा, यह सवाल उठेगा ही। जानकारी के लिए बता दें कि बनभूलापुर बस्ती की तरह इस राज्य की 582 बस्तियों पर अतिक्रमण के कारण कार्रवाई का खतरा है, क्योंकि 2016 में नियमावली बनने के बावजूद किसी भी बस्ती का नियमितीकरण नहीं हुआ। उस वक्त चुनाव से पहले हरीश रावत सरकार ने मलिन बस्तियों को नियमित करने के लिए सख्त दिशानिर्देश जारी किए थे। लेकिन ज्यादातर बस्तियां नदी-नाले या वनभूमि पर बनी थीं, तो नियमित नहीं हो पाई। फिर 2018 में अवैध निर्माण पर हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई तो भाजपा सरकार ने कानून बनाकर इन बस्तियों को तीन साल के लिए राहत दे दी। लेकिन बनभूलापुर मामले में हाईकोर्ट के आदेश से हजारों जिंदगियों पर संकट आ गया था। हल्द्वानी के कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश व कुछ अन्य पक्षकार इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे और अदालत से जल्द सुनवाई करने की गुहार लगाई थी। जिस पर अब सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे और उत्तराखंड सरकार से कहा है कि यह एक मानवीय समस्या है इसलिए इस मामले में व्यावहारिक समाधान निकालें। अब इस मामले में अगली सुनवाई 7 फरवरी को होगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बनभूलपुरा के लोगों को फौरी तौर पर राहत जरूर मिली है और फिलहाल यह मामला कुछ दिनों के लिए शांत हो गया है। लेकिन इस मुद्दे का अंजाम क्या होगा, ये भविष्य के गर्भ में छिपा है। हल्द्वानी मामले में सरकार और प्रशासन का लचर रवैया और आम जनता के सरोकारों से बेपरवाही ही चिंता की बात नहीं है। बल्कि इस मामले को जिस तरह सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की गई, क्योंकि यहां अल्पसंख्यकों की तादाद अधिक है।

## आलेख

# जैन समाज की सुनो...

मेरी सभी धर्मों में आस्था है। क्योंकि ईश्वर एक है उसके पास पहुंचने के अलग-अलग रूप हैं। वैसे भी जैन धर्म नहीं, सही मायने में जीवन जीने की पद्धति है। जियो और जीने दो, परोपकार करो, अहिंसा पर चलो। बेशक मैं ब्राह्मण परिवार से हूं, क्षत्रिय परिवार में शादी हुई, मेरी मां ने गुरुद्वारे में चालीया सुख-सुख कर भाई मांगा और 5 साल उसे सरदार ही रखा और जिस घर में रहते थे उस घर में एक तरफब्रह्मकुमारी का स्थान था, दूसरी तरफ जैनियों का घर था और तीसरा घर गुप्ता परिवार का था, तो शुरू से सभी धर्मों के संस्कारों को लेकर चल रही हूं। विशेषकर जैन समाज को मैं बहुत मानती हूं। बहुत से जैन गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त है, इसलिए उनकी आस्था को भी समझती हूं। आज जैन समाज का सरकार से जो अनुरोध है उसे सरकार को जरूर सुनना चाहिए और उनकी आस्था को समझना चाहिए। यही नहीं जहां भी कोई भी किसी धर्म का तीर्थ स्थान है उसे आप तीर्थ पर्यटन घोषित कर वहां पर मांस, शराब या कोई और तरह की गंदगी को बैन कर जुर्म घोषित करना चाहिए। क्योंकि किसी भी तीर्थ स्थान से लाखों-करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी होती है। विशेषकर श्री सम्मेद शिखरजी झारखंड के गिरिडीह में पारसनाथ या पार्श्वनाथ पहाड़ी पर स्थित है। इस पहाड़ी का नाम जैनों के 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ जी के नाम पर पड़ा। जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों में 20 तीर्थंकरों सहित असंख्य जैन संतों व मुनियों ने निर्वाण प्राप्त किया था इसलिए जैन समुदाय के लिए यह स्थल सबसे पावन स्थलों में से एक है। इतना ही नहीं पहाड़ पर 25 मंदिरों में जैन तीर्थंकरों के चरण चिन्ह मौजूद हैं। इस पहाड़ी की तराई में स्थित

> **बेशक मैं ब्राह्मण परिवार से हूं, क्षत्रिय परिवार में शादी हुई, मेरी मां ने गुरुद्वारे में चालीया सुख-सुख कर भाई मांगा और 5 साल उसे सरदार ही रखा और जिस घर में रहते थे उस घर में एक तरफब्रह्मकुमारी का स्थान था, दूसरी तरफजैनियों का घर था और तीसरा घर गुप्ता परिवार का था, तो शुरू से सभी धर्मों के संस्कारों को लेकर चल रही हूं। विशेषकर जैन समाज को मैं बहुत मानती हूं। बहुत से जैन गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त है, इसलिए उनकी आस्था को भी समझती हूं।**

मधुबन में कई प्राचीन मंदिर हैं, इसलिए जैन समाज चाहता है कि यह उनकी आस्था का केन्द्र है। यह कोई पर्यटन स्थल नहीं। पर्यटन स्थल घोषित होने पर लोग मांस-मदिरा का सेवन कर सकते हैं, जिससे पवित्रता भंग होगी। इसलिए इस 0-25 कि.मी.घ्दायरे को पवित्र स्थल घोषित किया जाए। इसलिए मेरा मानना है कि जैन समाज को सुनना चाहिए और उनकी मांग को पूरा करना चाहिए। इसके साथ-साथ देश के हर धार्मिक स्थान पर ऐसे नियम लागू होने चाहिएं कि किसी भी धार्मिक स्थान की पविघ्त्रता पर विशेष ख्याल रखना चाहिए। श्री सम्मेद शिखरजी सिद्ध भूमि है जिसका एक-एक कण पूजनीय है, इसलिए इसे पवित्र तीर्थ क्षेत्र घोषित करना ही चाहिए। अगर भारत की संस्कृति, संस्कार जीवित हैं तो ऋषि-मुनियों और संतों के कारण हैं। जैन समाज को मेरा हमेशा नमन है। माथा टेकती हूं। सर्दी-गर्मी, तूफान में संत पैदल चलते हुए एक समय का आहार लेते हुए एक स्थान से दूसरे स्थान संस्कृति और संस्कारों का उपदेश देते हैं। कितना तप है इनके जीवन में कितना कठिन निस्वार्थ जीवन व्यतीत करते हैं। हजारों-लाखों लोग इनके अनुयायी हैं। यह समाज अहिंसक और शांतिप्रिय है। इनकी मांग भी बहुत ही जायज है और शांति प्रिय तरीके से रख रहे हैं।

मेरी हाथ जोड़ कर विनती है कि किसी भी धर्म की आस्था को कायम रखना हमारा सबका परम धर्म है। विशेषकर जब इस सरकार द्वारा सभी धर्मों की रक्षा हो रही है, विशेषकर हिन्दू धर्म के स्थानों को विशेष महत्व और उनको उनका वैभव मिल रहा है। आज हर हिन्दू को गर्व है कि वह हिन्दोस्तानी हैं। मुझे याद है कि एक समय ऐसा भी आया था जब अश्विनी जी को आर्टिकल

## दैनिक राशिफल

**मेषः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**वृषभः-**बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मिथुनः-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कायरे में आलस्य का त्याग करें।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।

**तुलाः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिकः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

**धनुः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मकरः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीनः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।




## आज का सुविचार

:- सुविचार :-

दोस्तों मेहनत से मोहब्बत करो, क्योंकि यह तुम्हारी कामयाबी की वजह बनेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 88 हजार किसानों को नहीं मिलेगी किसान सम्मान निधि

**ललितपुर।** जनपद में 88 हजार किसानों को इस बार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का भुगतान नहीं होगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जिले में करीब दो लाख 48 हजार किसानों के सापेक्ष 88 हजार किसानों ने अपने खाते की ई-केवाईसी नहीं कराई है। उन्होंने किसानों से खातों को ई-केवाईसी कराने की अपील की है। जिले में कृषि विभाग में करीब दो लाख 48 हजार किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थी हैं। इन किसानों को प्रतिवर्ष तीन किस्तों में दो-दो हजार रुपये दिए जाते हैं। शासन ने योजना में फर्जीवाड़े को रोकने के लिए खातों की ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए थे। जिसमें किसानों को ई-केवाईसी के लिए समय दिया गया था। लेकिन तय समय निकल जाने के बाद के बाद भी 88 हजार किसानों ने अपने सम्मान निधि के खातों की ई-केवाईसी नहीं कराई है। अब इन किसानों को सम्मान निधि की किस्त नहीं मिलेगी। किसान सम्मान निधि के लाभार्थी किसान सम्मान निधि पाने के लिए खाते का ईकेवाईसी करा लें। जिससे किसान सम्मान निधि की अगली किस्त खाते में आ सके।

### दो गुटों में पथराव,पूर्व प्रधान ने साथियों संग की फायरिंग, जमीन को लेकर विवाद चल रहा था

**लखनऊ।** राजधानी में इंदिरानगर थाना क्षेत्र में जमीन पर कब्जा को लेकर पूर्व प्रधान ने साथियों संग मिलकर प्रॉपर्टी डीलर पर हमला कर दिया। दोनों पक्षों के बीच पथराव के बीच फायरिंग भी हुई। पुलिस ने पीड़ित प्रॉपर्टी डीलर की तहरीर पर हत्या के प्रयास, चोरी, बलवा सहित कई संगीन धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। रसूलपुर सादात में अभिजीत विशेन परिवार सहित रहते हैं। अभिजीत का गांव में ही फार्म हाउस है। उसका आरोप है कि गुरुवार दोपहर बाद जरहरा के पूर्व प्रधान विशाल यादव तीन गाड़ियों में अपने साथी रिंकू यादव, प्रमोद यादव, शोभित उर्फमुंशी, आकाश यादव, राघवेंद्र यादव, बउआ यादव,अंकित यादव समेत दर्जन भर लोगों को लेकर पहुंचे। इन लोगों ने गाड़ी से उतरते ही पथराव और मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों ने फार्म हाउस पर खड़ी फार्च्यूनर सहित तीन गाड़ियों को तोड़ दिया। इसका विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी डंडे से हमला किया और फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान अभिजीत सोनकर, फार्म हाउस का केयर टेकर और एक सुरक्षा कर्मी पुलाके घायल हो गये। इसका गुरुवार रात वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। इंदिरानगर इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के मुताबिक अभिजीत की तहरीर पर जमीन कब्जा करने के विरोध पर हमला करने वाले पूर्व प्रधान विशाल यादव की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफहत्या के प्रयास, मारपीट, बलवा, तोड़फोड़ की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### 3 लुटेरों पर लगा गैंगस्टर,गैंग बनाकर राह चलते लोगों से लूट करते थे

**अलीगढ।** जिले में आमजनों के साथ लूट करने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। तीनों आरोपी शातिर अपराधी हैं और इन्होंने दिन दहाड़े कई घटनाओं को अंजाम दिया है। जिसके बाद इनके खिलाफ नामजद मुकदमें दर्ज किए गए थे। अब पुलिस ने आरोपियों पर नकेल कसने के लिए चंडौस थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। तीनों आरोपी फरार चल रहे हैं और पुलिस इनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। इसके साथ ही इनके रिश्तेदारों और परिचितों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी टप्पल थाना क्षेत्र के जलालपुर के रहने वाले हैं। इसमें रिषभ पुत्र रामबाबू, ओमप्रकाश उर्फ साका पुत्र रामस्वरूप और गौरव पुत्र सुखवीर के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया है। तीनों गैंग बनाकर काम करते हैं और कई मामलों में नामजद हैं। इसमें पुलिस ने गौरव को गैंगलीडर के तौर पर नामजद किया है, जबकि अन्य दोनों को गैंग का सदस्य बनाया गया है। इनके खिलाफ चंडौस में दो और टप्पल में एक नामजद मुकदमा दर्ज है। आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो जाते हैं। पुलिस के अनुसार गैंगस्टर एक्ट के सभी आरोपियों की संपत्ति का व्यौरा भी जुटाया जाएगा। जिसके बाद इसे गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया जाएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि आरोपियों ने आमजनों के साथ लूट जैसी घटनाएं करके ही यह संपत्ति एकत्रित की है। गैंगस्टर एक्ट के आरोपियों के खिलाफपुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। अलीगढ़ में अब तक गैंगस्टर के आरोपियों की 95 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। आगे भी अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे कि आमजनों को भयमुक्त और शांतिपूर्ण माहौल मिल सके।

### जेएन मेडिकल कालिज के चिकित्सकों ने मेरठ में सीएमई एवं एयरवे कार्यशाला की

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जेएन मेडिकल कॉलेज के एनेस्थिसियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर एस मुईद अहमद ने लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, मेरठ में सीएमई सह ऐयरवे कार्यशाला का संचालन किया। इमरजेंसी सर्जिकल एयरवे पर विचार-विमर्श करते हुए प्रो मुईद ने विभिन्न तकनीकों पर वीडियो क्लिपिंग दिखाई और गंभीर आपात स्थिति के दौरान मरीज की जान बचाने के तरीके का प्रदर्शन किया। उन्होंने फाइबरऑप्टिक निर्देशित इंट्यूबेशन पर प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित भी किया। जेएन मेडिकल कॉलेज के एनेस्थेसियोलॉजी और क्रिटिकल केयर विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ अबू नदीम ने प्रतिनिधियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देते हुए कठिन वायुमार्ग के प्रबंधन में अल्ट्रासोनोग्राफी की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने एनेस्थीसिया देने से पहले कठिन वायुमार्ग और पूर्व-योजना का आकलन करने के विभिन्न तरीकों का प्रदर्शन किया, जो कठिन वायुमार्ग के प्रबंधन में एक हालिया उपलब्धि है। इसी विभाग के डॉ उबैद ए सिद्दीकी और इमरजेंसी एंड एक्सीडेंट यूनिट के मेडिकल ऑफिसर डॉ असद महमूद ने कठिन वायुमार्ग प्रबंधन के दौरान महत्वपूर्ण घटनाओं का प्रदर्शन किया और इस पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

### सड़क हादसे में इंजीनियर की मौत

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में सेक्टर-49 थाना क्षेत्र के बरौला मोड़ के पास बृहस्पतिवार देर रात हुए एक सड़क हादसे में एक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी में काम करने वाले इंजीनियर की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतक दिल्ली के बुराड़ी का रहने वाला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सेक्टर-49 थाना के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर-59 स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी में काम करने वाला पवन कुमार बृहस्पतिवार देर रात 11.30 बजे के आसपास मोटरसाइकिल से सेक्टर-49 के हनुमान मंदिर के पास से गुजर रहा था, तभी एक अज्ञात चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। सिंह के मुताबिक, राहगीरों ने हादसे में गंभीर रूप से घायल पवन को नोएडा के प्रयाग अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर इसकी जांच की जा रही है।

### महिला ने की खुदकुशी, ससुरालवालों पर मामला दर्ज

**नोएडा।** कासना थानाक्षेत्र के ढ़ाडा गांव में एक विवाहिता ने बीती रात को कथित रुप से आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि आरती के ससुराल वालों ने पुलिस को सूचना दी कि उसने आत्महत्या कर ली है। उनके अनुसार बीती रात को वह फंसी के फंदे पर लटकी मिली थी। शुक्ला ने बताया कि इस मामले में मृतका के परिजनों ने उसके पति विकास, देवर मोहित तथा मोहित की पत्नी और सास के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज करवाया। उनका आरोप है कि शादी के समय से ही आरोपी आरती को दहेज के लिए परेशान कर रहे थे।

# कूड़ा नहीं उठने से पार्षद परेशान

## बोले शिकायत का भी कोई असर नहीं, गीतापल्ली समेत कई वार्डों में फैली गंदगी

» पार्षदों ने इसकी शिकायत मेयर संयुक्ता भाटिया और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह से की

» वार्ड में पिछले पांच दिन से कूड़ा नहीं उठ रहा

संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी में कूड़ा न उठने से पार्षद परेशान है। पार्षदों ने इसकी शिकायत मेयर संयुक्ता भाटिया और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह से की है। गीता पल्ली वार्ड के पार्षद अरविंद यादव ने बताया कि उनके वार्ड में पिछले पांच दिन से कूड़ा नहीं उठ रहा है। जिससे आस-पास की स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने बताया कि ईको ग्रीन के कर्मचारी कूड़ा उठाने के लिए नहीं आ रहे है। इसको लेकर शिकायत करने के बाद भी कोई असर नहीं हो रहा है। अगर आने वाले दिनों में ऐसी ही स्थिति बनी रही तो महामारी फैलने का खतरा बना हुआ है। इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड के पूर्व पार्षद रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनके नियमित कूड़ा नहीं उठता है। इसको लेकर वह भी कई बार शिकायत दर्ज करा चुके हैं। पार्षद मोहम्मद सलीम, महानगर वार्ड के पार्षद शैलेन्द्र सिंह बल्लू, भवानीगंज वार्ड के पार्षद संतोष राय, महात्मा गांधी वार्ड के पार्षद अमित चौधरी, बाबू बनारसी दास वार्ड के हर्षित दीक्षित समेत कई लोगों के वार्ड में कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है। ऐसे में



कई जगह आधी सड़क कूड़े से पट गई है। शहरों में स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग उठान की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए बकायदा ईको ग्रीन को अलग-अलग कंपाउंड की गाड़ियां हैं। इको ग्रीन कंपनी बीते 12 महीने से कूड़ा उठाने में लापरवाही कर रही है। कूड़ा निस्तारण के लिए ली जाने वाली टिपिंग फीस पूरे महीने के हिसाब से ले रही है। मगर, कूड़ा मात्र सात से आठ दिन ही उठाया जा रहा है। ईको ग्रीन को लेकर काफी पहले मनकामेश्वर मंदिर वार्ड की पार्षद रेखा रोशनी ने नगर विकास मंत्री को पत्र लिखकर कूड़ा उठाने की व्यवस्था में भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाया था। शहर की स्व। कॉलोनी कानपुर रोड,आशियाना, शारदा नगर, मानसरोवर, ट्रांसपोर्ट नगर, सरोजनी नगर सहित कई इलाकों में कूड़ा नहीं उठने की शिकायत मिल रही है। कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी, साउथ सिटी, राजाजीपुरम, जानकीपुरम, विकास नगर, अलीगंज, त्रिवेणीनगर, आलमबाग क्षेत्र व पुराने लखनऊ की स्थिति सबसे खराब है। यहां पर नियमित ईको ग्रीन की गाड़ी पहुंची ही नहीं है। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम के अधिकारियों को कई बार फोन भी करते है। मगर, कोई मदद नहीं मिलती है। यहां तक की अब पार्षदों की भी कोई सुनवाई नहीं बची है। आम दिनों में करीब 1200 मीट्रिक टन कूड़ा शिवरी प्लांट पहुंचता है। जहां इसके निस्तारण की मशीनें लगी है। लेकिन अभी भी इसमें नगर निगम की डोर टू डोर टीम 700 मीट्रिक टन से ज्यादा कूड़ा नहीं उठा पाती है। बाहरी लोग करीब 500 मीट्रिक टन कूड़ा डंपिंग जोन पर डाल देते है। उसकी मदद से यह काम होता है। विकास नगर सेक्टर चार, जानकीपुरम समेत कई डंपिंग जोन पर पूरे दिन कूड़ा गिरते रहता है। जबकि दोपहर 12 बजे के बाद कूड़ा डंपिंग जोन पर नहीं आना चाहिए।

## यूपी में कोरोना के चार नए कोरोना मरीज मिले, चार जिलों में मिले संक्रमित, एक्टिव केस हुए 29

संवाददात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 24 घंटे में कोरोना के 4 नए केस सामने आए हैं। शुक्रवार सुबह आई रिपोर्ट में 4 नए मरीजों की पुष्टि हुई। सबसे ज्यादा संक्रमित गौतमबुद्ध नगर में हैं। 24 घंटे में 14 मरीज रिकवर भी हुए हैं। फिलहाल प्रदेश में एक्टिव केस की संख्या 29 हैं। वहीं होम आइसोलेशन में रहे मरीजों की संख्या 22 है। इससे पहले गुरुवार को यूपी में 3 पॉजिटिव मरीज मिले थे। शुक्रवार को प्रदेश भर में 59 हजार 180 लोगों के सैंपल लिए गए। पॉजिटिव आए सभी मरीजों के सैंपल को जीनोम सिक्रेंसिंग के लिए भेजा गया हैं। बाराबंकी में 624 सैंपल की जांच की गई, जिसमें से एक कोरोना संक्रमित मिला। वहीं गोरखपुर में 180 सैंपल की जांच में 1 मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। महाराजगंज में जांच के लिए भेजे गए 347 सैंपल में से 1 मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके अलावा पीलीभीत में 1182 सैंपल की जांच हुई और 1 मरीज संक्रमित पाया गया। प्रदेशभर में सबसे ज्यादा जांच फिरोजाबाद में हुई। यहां 3 हजार 314 सैंपल के जांच के बाद सभी सैंपल नेगेटिव पाए गए।

# आज तय होगी खुशी दुबे की जमानत शत

» जेल से बाहर आने में खुशी दुबे को लग सकता है एक सप्ताह, परिजनों को बेसब्री से इंतजार

**कानपुर।** खुशी दुबे को भले ही सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है, लेकिन अभी उन्हें जेल से बाहर आने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देने के साथ ही आदेश दिया है कि सेशन कोर्ट जमानत की शर्तें तय करेगा। खुशी के वकील ने कानपुर देहात की पाक्सो कोर्ट में जमानत के पेपर दाखिल कर दिया है। अब आज खुशी की जमानत की शर्तों पर फैसला हो सकता है। इसके बाद पूरी प्रक्रिया में एक सप्ताह का समय लग सकता है। इसके बाद खुशी के जेल से बाहर आने की उम्मीद जताई जा रही है। बिकरू कांड की आरोपी खुशी दुबे का केस कानपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित लड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत के आदेश की कॉपी गुरुवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट शैलेंद्र कुमार वर्मा की अदालत में दाखिल कर दिया गया है। अब शुक्रवार को कोर्ट खुशी दुबे को किन शर्तों पर जमानत देनी है, यह तय



करेगा। कोर्ट से जमानत की शर्तें तय होते ही सभी दस्तावेजों को पूरा करने के बाद शनिवार या सोमवार को जमानत दाखिल कर दी जाएगी। इसके बाद कोर्ट दाखिल जमानतों का सत्यापन कराएगी। फिर रिपोर्ट आने पर खुशी की रिहाई का परवाना जारी किया जाएगा।

# गंगा प्रदूषण पर हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी

## अधिकारी गंगा की सफाई कर नहीं पा रहे या करना ही नहीं चाहते, आज दोबारा होगी सुनवाई

प्रयागराज। गंगा प्रदूषण मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को तल्ख टिप्पणी की। हाईकोर्ट ने पूछा कि जिम्मेदार अफसर गंगा की सफाई कर नहीं पा रहे हैं या करना ही नहीं चाहते। कोर्ट ने सरकार का पक्ष रखने के लिए महाधिवक्ता को तलब किया है। मामले में आज दोबारा कोर्ट सुनवाई करेगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक नवंबर को भी मामले में सुनवाई की थी। कोर्ट में प्रस्तुत किए गए विभिन्न विभागों के हलफनामों में विरोधाभास पाया था। इसको देखते हुए महाधिवक्ता को सभी की तरफ से एक हलफनामा दाखिल करने और स्थिति स्पष्ट करने का आदेश दिया था।

गुरुवार को इस मामले की जब हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल, जस्टिस मनोज कुमार गुप्ता और जस्टिस अजीत कुमार की पूर्णपीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई शुरू की। इस दौरान अपर महाधिवक्ता अजीत



कुमार सिंह सरकार का पक्ष रखने आए। इस पर कोर्ट ने सख्त नाराजगी जाहिर की और सुनवाई टालते हुए कहा कि महाधिवक्ता स्वयं आएं। कोर्ट ने सरकार की तरफ से पेश हुए अपर महाधिवक्ता अजीत कुमार सिंह से गंगा के शुद्धीकरण पर स्थिति जाननी चाही। कोर्ट ने पूछा कि गंगाजल की शुद्धता के मामले में क्या किया गया? अपर महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि कोर्ट के आदेश के तहत उन्होंने गंगा में गिर रहे नाले टैप्ड करा दिए हैं। इसके अलावा मेला क्षेत्र को पॉलीथिन मुक्त करने के लिए करवाई की जा रही है। इस पर जनहित याचिका दाखिल करने वाले एडवोकेट विजय चंद्र श्रीवास्तव सुनीता शर्मा व शैलेश सिंह ने अपना पक्ष रखा। एडवोकेट विजय चंद्र श्रीवास्तव का कहना था कि 6 जनवरी से माघ मेला शुरू हो रहा है। कोर्ट के आदेश के बावजूद गंगा में स्नान के लिए पर्याप्त पानी नहीं है। गंगा का पानी गंदा है। पौष पूर्णिमा पर पहले स्नान पर्व के लिए लाखों श्रद्धालु आ चुके हैं। दो दिन पूर्व प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र और डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान मेला क्षेत्र की तैयारियां परखीं पर गंगा जल में प्रदूषण की जांच नहीं कराई। इससे ऐसा लगता है शासन और प्रशासन इस मामले में बिल्कुल भी चिंतित नहीं है। कल्पवासी गंदे और काले पानी में स्नान करने को मजबूर हैं। मुख्य सचिव से इस बारे में पूछा जाना चाहिए। एडवोकेट शैलेश सिंह ने कहा कि 21 जनवरी 2021 के अपने आदेश में कोर्ट ने गंगा कल की शुद्धता, एसटीपी और ड्रेनेज में सुधार के लिए कहा था। महाधिवक्ता ने अनुपालन रिपोर्ट हलफनामे के रूप में प्रस्तुत की है। इसे कोर्ट ने रिकॉर्ड पर लेते हुए महाधिवक्ता को शुक्रवार को खुद उपस्थित होने का आदेश दिया है। इस मामले की सुनवाई आज भी होगी।

## दिन में रही धूप, रात में बढ़ी ठिठुरन, लगातार जारी है शीतलहर का प्रकोप

**अलीगढ़।** जिले में शीतलहर का कहर लगातार जारी है और आमजनों को सर्दी का सितम झेलना पड़ रहा है। ऐसे में सुबह स्कूल जाने में भी बच्चों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। जिसको देखते हुए जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने 8वीं तक के सभी स्कूलों में 14 जनवरी तक छुट्टी घोषित कर दी है। शीतलहर के कारण डीएम के निर्देश पर पहले भी कक्षा 1 से 8वीं तक के विद्यालयों में छुट्टी घोषित की गई थी। लेकिन कई जगहों पर कुछ स्कूल खुल गए थे, जिसके बाद अब डीएम ने सख्त आदेश जारी किए हैं और हिदायत दी है कि कोई भी स्कूल 14 जनवरी से पहले नहीं खुलेगा। आदेशों की अवहेलना करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र ढ़ाका ने बताया कि डीएम के निर्देशानुसार स्कूलों में छुट्टी के आदेश जारी कर दिए गए हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों के साथ ही यह आदेश सीबीएसई, आईसीएसई, एएमयू, समेत सभी बोर्ड से मान्यता प्राप्त संस्थानों में लागू होंगे। जिले के 8 वीं तक के सभी विद्यालयों में 14 जनवरी तक अवकाश रहेगा। अगर कोई संस्थान इन आदेशों की अवहेलना करता है और स्कूल खोलता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए सभी राजकीय और निजी संस्थानों के प्रधानाध्यापक और प्रबंधकों को निर्देश जारी किए जा चुके हैं। सुबह के बाद से ही हल्की-हल्की धूप खिल गई। दोपहर में भी धूप खिली रही, जिससे आमजनों और राहगीरो को राहत मिली। शीतलहर का असर दोपहर में भी देखने को मिलता रहा, लेकिन धूप के कारण उसका असर कम रहा।

## कश्मीरी छात्रों का डेटा जुटा रही पुलिस, पुलिस ने एएमयू से मांगी सभी छात्रों की जानकारी

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले सभी कश्मीरी छात्रों का अब पुलिस रिकॉर्ड तैयार करेगी। इसके लिए पुलिस ने यूनिवर्सिटी के अधिकारियों को पत्र लिखा है और उनसे कश्मीरी छात्रों की जानकारी मांगी है। पुलिस के पत्र के बाद विश्वविद्यालय अब यह डेटा तैयार करने में जुटा है। एएमयू के असिस्टेंट कंट्रोलर फैसल वारिस ने सभी डीन स्टूडेंट वेलफेयर, सभी विभागों के चेयरमैन, कॉलेजों के प्रिंसीपल, डिसेबिलिटी यूनिट, बीई इवनिंग कोर्स, इंटरडिस्क बायोटेक यूनिट, इंटर डिसीपिलीनरी सेंटर फॉर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस समेत यूनिवर्सिटी के सभी डिपार्टमेंट को पत्र भेजकर जम्मू-कश्मीर निवासी छात्र-छात्राओं से जुड़ी जानकारी मांगी है। एएमयू के स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक के संस्थानों में कश्मीरी छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। यूनिवर्सिटी में हर साल होने वाली प्रवेश प्रक्रिया में कश्मीरी छात्रों की सीटें भी आरक्षित हैं। जिसके चलते बड़ी संख्या में कश्मीरी छात्र यहां दाखिला लेने आते हैं। अब इन छात्रों की कुल संख्या, कितने पुरुष हैं और कितनी महिलाएं, छात्र का नाम, पिता का नाम, स्थाई पता, मौजूदा पता, क्लास, कोर्स, मोबाइल नंबर जैसी सारी जानकारी एकत्रित की जा रही है। जिसके बाद यह पुलिस को उपलब्ध करा दिया जाएगा। विभागों को जारी पत्र में कहा गया है कि यह जानकारी पुलिस को भेजी जानी है।एएमयू में 25 दिसंबर को कश्मीरी छात्र से बैडमिंटन खेलने के दौरान मारपीट हो गई थी। जिसके बाद अगले दिन कश्मीरी छात्रों ने प्रदर्शन किया था और सेंचुरी गेट को भी बंद कर दिया था।

# अग्निवीर सेना भर्ती लिखित परीक्षा 15 जनवरी को

*आगरा के एकलव्य स्टेडियम में 12 शहरों के अभ्यर्थी होंगे शामिल*

**आगरा।** अग्निवीर सेना भर्ती की शरीरिक और चिकित्सा परीक्षा पास करने वाले अभ्यार्थियों की लिखित परीक्षा 15 जनवरी को आगरा के एकलव्य स्टेडियम में होगी। परीक्षा के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। परीक्षा में आगरा जोन के 12 जिलों के अभ्यर्थी भाग लेंगे। अग्निवीर सेना भर्ती के निदेशक कर्नल सुदेश भांगरा ने बताया कि 20 सितंबर से 10 अक्टूबर 2022 तक आनंद इंजीनियरिंग कॉलेज में हुई शारीरिक और चिकित्सा परीक्षा हुई थी। इन परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 15 जनवरी को एकलव्य स्टेडियम सदर में किया गया है। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को 15 जनवरी की रात एक बजे एकलव्य स्टेडियम के बाहर पहुंचना होगा। इसके साथ एनसीसी सी प्रमाण पत्र वाले अभ्यर्थी भी उपस्थित होंगे।

उन्होंने बताया है कि प्रवेश के लिए क्रमशः अग्निवीर जीडी के लिए रात 01 से 03 बजे तक, अग्निवीर क्लर्क/एसकेटी के लिए रात 03 से साढ़े तीन बजे तक, अग्निवीर टेक्निकल के लिए साढ़े तीन से 04 बजे तक तथा ट्रेड्समैन 10वीं व 8वीं के लिए सुबह 04 से 05 बजे तक प्रवेश किए जायेंगे।

मुख्य परीक्षा प्रातः 11 बजे से 12 बजे के मध्य सम्पन्न होगी।




आगरा के एकलव्य स्टेडियम में आगरा जोन के आगरा, अलीगढ, मथुरा, हाथरस, कासगंज, फिरोजाबाद, एटा, इटावा, झांसी, जालौन, ललितपुर और मैनपुरी के युवाओं की लिखित परीक्षा होगी। परीक्षा के दौरान कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करना होगा। बिना फेस मास्क के किसी को एंट्री नहीं दी जाएगी। जिस भी कैंडिडेट को कोविड-19 लक्षण होंगे वह कैंडिडेट गेट एंट्री टाइम पर सूचित करेगा, ताकि उनकी व्यवस्था अलग से की जा सके।

# जखौरा पीएचसी को मिला सीएचसी का दर्जा, बढ़ेंगीं स्वास्थ्य सुविधाएं

## शासन ने यहां संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोषित कर दिया

**ललितपुर।** ब्लॉक जखौरा के लोगों को अब अस्पताल में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगीं। शासन ने यहां संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोषित कर दिया है। अस्पताल में मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों से उपचार की सुविधा मिलेगी। साथ ही बेड की संख्या चार से बढ़कर 30 हो जाएगी। ब्लॉक मुख्यालय जखौरा में क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित किया जा रहा था। यहां पर वर्तमान में दो एमबीबीएस चिकित्सक तैनात थे। इसके साथ ही सामान्य प्रसव की सुविधा थी। ऐसे में गंभीर मरीजों और सीजर प्रसव वाली गर्भवती महिलाओं को रेफर किया जा रहा था। अब शासन ने पीएचसी जखौरा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा दे दिया है। इससे अस्पताल में सुविधाओं का विस्तार होगा। साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती होगी। अब अस्पताल में चार बेड की जगह 30 बेड की सुविधा होगी।

सीएचसी का दर्जा मिलने के बाद अब यहां पर एक सर्जन, एक एनीथिसिया चिकित्सक, एक बाल रोग विशेषज्ञ



और एक स्त्री रोग विशेषज्ञ तैनात होगी। पीएचसी में अभी रात में चिकित्सकों को ऑन कॉल रखा गया था, लेकिन सीएचसी का दर्जा मिलने से अस्पताल में 24 घंटे सुविधाएं मिलेंगीं। इमरजेंसी सेवाएं भी नियमित रूप से मिलेंगीं।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अव्यवस्थाओं को अमर उजाला ने 23 दिसंबर को पेज छह पर पीएचसी में न इलाज मिलता और न पानी, शीर्षक से प्रकाशित किया था। प्रभारी सीएमओ ने व्यवस्थाओं को शीघ्र सुधरवाने की बात की थी। अब सीएचसी बनने से यहां की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो जाएंगी। अस्पताल में बेड व चिकित्सक समेत अन्य सुविधाओं का विस्तार होगा। इससे मरीजों को बेहतर उपचार की सुविधा मिलेगी।

### डा. मोहम्मद काशिफएसोसिएट मेम्बर इंचार्ज नियुक्त

**अलीगढ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर, डॉ. मोहम्मद काशिफको उनकी शैक्षणिक जिम्मेदारियों के अलावा अगले आदेश तक एएमयू गैस एजेंसी का एसोसिएट मेम्बर इंचार्ज नियुक्त किया गया है।

# खट्टर ने किया 1882 करोड़ रुपए की 167 परियोजनाओं का उद्घाटन

» वित्त मंत्री के रूप में सरकार ने अपने बजट का सही नियोजन किया

» हमने एक नई पहल करते हुए मीडियम टर्म खर्च आरक्षित कोष बनाया

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गत आठ वर्षों में क्षेत्रवाद, जातिवाद, भाई-भतीजावाद को छोड़कर सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में एक समान काम विकास की कवायद शुरू कर एक नई परिपाटी की शुरुआत की कड़ी में आज गुरुग्राम से 1882 करोड़ रुपए की 167 परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। श्री खट्टर ने हरियाणा एक-हरियाणवी एक के अपने विजन के तहत गुरुग्राम के धनवापुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रदेश के सभी जिलों को वर्चुअली सम्बोधित करते हुए कहा कि वित्त मंत्री के रूप में सरकार ने अपने बजट का सही नियोजन किया है और इसका 34.5 प्रतिशत पूंजीगत खर्च के रूप में ढांचागत विकास पर किया है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए किसी भी प्रकार के बजट की कमी न आये, इसके लिए हमने एक नई पहल करते हुए मीडियम टर्म खर्च आरक्षित कोष बनाया है। इसी प्रकार एक और नई पहल करते हुए गांवों और शहरों में भी विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए ग्राम दर्शन एवं नगर दर्शन पोर्टल शुरू किया है, जिन पर नागरिक अपने इलाके की आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्यों की मांग पोर्टल पर कर सकते हैं तथा चुने हुए नए जनप्रतिनिधि भी अपने क्षेत्रों में नागरिकों द्वारा दर्ज की गई विकास कार्यों की मांग को प्राथमिकता अनुसार सरकार तक पहुँचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में पंचायतों के चुनाव सम्पन्न हुए और नये जनप्रतिनिधि छोटी सरकार के रूप में चुनकर आये हैं। अब सरपंच दो लाख रुपए तक के कार्य निविदाओं के आधार पर कर सकेंगे। कामों में पारदर्शिता रहे, इसके लिए सरकार ने इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल भी बनाया है, जिसके माध्यम से ऐसे सभी कार्यों की प्रशासनिक, वित्तीय और तकनीकी मंजूरी ऑनलाइन मिलती है। अब जनता भी इन कामों पर निगरानी रख सकती है।



उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया पर काम कर रही है और इस वर्ष ग्रुप सी की 35 हजार और ग्रुप डी की 15 हजार पदों की भर्ती प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। इसके अलावा केंद्र सरकार भी बड़े स्तर पर भर्तियां करने जा रही है जिसका लाभ हरियाणा के युवाओं को भी मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 1990 में वे कहा करते थे कि केंद्र सरकार से एक रुपया भेजा जाता है तो उसमें से केवल 15 पैसे ही जमीनी स्तर तक पहुँचते हैं, उसी को रोकने के लिए हमने ऑनलाइन सिस्टम से इस पर अंकुश लगाया है और काफी हद तक हम सफल भी हुए हैं। पिछली सरकारों में अलग-अलग इलाकों को महत्व दिया जाता था लेकिन मौजूदा सरकार ने किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया है और सभी 90 विधानसभाओं का एक समान विकास सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि गरीब का हक पहले हो, इसलिए अंत्योदय की भावना से काम करते हुए आगे बढ़े हैं। सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए व्यवस्थाएं बदली हैं जिससे लोगों को घर बैठे ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। राज्य सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को लाभ पहुँचाने का काम किया है और इसके कारण जिन लोगों के व्यक्तिगत हित थे, उनको चोट लगी है, उनका धंधा बंद हुआ है। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे हमारी सरकार को पोर्टल सरकार कहते हैं, लेकिन हमने पोर्टल के माध्यम से लोगों की पहुँच सरकार तक सुलभ कराई है। गरीब व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ देने के लिए चिरायु हरियाणा योजना के माध्यम से पांच लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा दी जा रही है।

## आगरा से 1.37 करोड़ रुपए लेकर फरार मुख्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में कैश कलेक्शन कम्पनी ब्रिक्स इंडिया लिमिटेड के 1.37 करोड़ रुपये बोरे में भरकर फरार कर्मचारी विवेक कुमार को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी विवेक कुमार साईं बैंक ऑफ बड़ौदा में 27 दिसंबर को कैश जमा करने आया था। वह कंपनी का 1.37 करोड़ रुपये लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसके मामा, ममेरे भाई सहित सात आरोपियों को जेल भेजा और उनके कब्जे से 86 लाख रुपये बरामद हुए थे। पुलिस ने मुख्य आरोपी विवेक से 10.50 रुपये बरामद किए गए।

रकाबगंज क्षेत्र में ब्रिक्स इंडिया कंपनी का कार्यालय है। कंपनी में कैश कलेक्शन का काम होता है। सुरक्षाकर्मियों के साथ कंपनी के कर्मचारी उन कार्यालयों और कंपनियों में जाते हैं, जिनसे करार होता है। वहां से कैश लेकर बैंक में जमा करते हैं। गत 27 दिसंबर को कंपनी का कर्मचारी विवेक 1.37 करोड़ रुपये लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले और कैमरे में विवेक एक मोटरसाइकिल पर जाते हुए दिखाई दिया था। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस की कई टीमें आरोपी विवेक की तलाश में जुटी थी।

## प्रवासी भारतीय सम्मेलन : सूरीनाम एवं गुयाना के राष्ट्रपति होंगे शामिल

» राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जनवरी को सम्मेलन के समापन पर अपना संबोधन देंगी

एजेंसी

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर में आठ जनवरी से शुरु होने वाले प्रवासी भारतीय सम्मेलन (पीबीडी) का नौ जनवरी को औपचारिक उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा करने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जनवरी को सम्मेलन के समापन पर अपना संबोधन देंगी।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार भारत के सबसे स्वच्छ राज्य के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में 8-10 जनवरी को 17वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का विशेष महत्व है क्योंकि चार साल बाद कोविड महामारी के बाद यह पहला आयोजन है। 16वां पीबीडी सम्मेलन नई दिल्ली में वर्ष 2021 में वर्चुअल मोड में हुआ था।

पीबीडी सम्मेलन के मुख्य अतिथि को-ऑपरेटिव गणराज्य गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफ़ान अली और सूरीनाम गणराज्य के राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी विशिष्ट अतिथि होंगे। ऑस्ट्रेलिया की संसद सदस्य, सुश्री ज़नेटा मैस्करेनहास, दिनांक 8 जनवरी को यूथ प्रवासी सम्मेलन में सम्मानित अतिथि होंगी।

पीबीडी का विषय %प्रवासी अमृत काल में भारत की प्रगति के लिए विश्वसनीय भागीदार% है। इसमें अगले 25 वर्षों में आत्म-निर्भर भारत के निर्माण के लिए



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण और नए भारत के इस दृष्टिकोण को प्राप्त करने में प्रवासी भारतीयों द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भागीदारी की भूमिका शामिल है। इस बार के पीबीडी का इसलिए विशेष महत्व है क्योंकि वर्ष 2023 भारतीय स्वतंत्रता के 75वें वर्ष और भारत के लोगों, संस्कृति और उपलब्धि के गौरवशाली इतिहास को चिह्नित करता है। पीबीडी सम्मेलन में तीन दिवसीय कार्यक्रम में युवा प्रवासी भारतीय दिवस, उद्घाटन दिवस और समापन दिवस के साथ-साथ विषय-आधारित महत्वपूर्ण सत्र शामिल हैं। पहले दिन 8 जनवरी को युवा प्रवासियों से जुड़ने के लिए युवा प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जाएगा। जिसका आयोजन विदेश मंत्रालय एवं युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा किया जायेगा। इसी दिन मध्यप्रदेश द्वारा अर्थ-व्यवस्था, संस्कृति, पर्यटन, प्रौद्योगिकी सेक्टर्स में दिये जा रहे विशेष अवसरों का भी प्रदर्शन किया जायेगा। दूसरे दिन 9 जनवरी को प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा 17वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन किया जाएगा।

### गोगोई ने हिमंत की डायरी की लॉन्च

**गुवाहाटी।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और राज्यसभा सांसद रंजन गोगोई ने गुरुवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की डायरी का विमोचन किया। श्री सरमा ने शाम को बुक लॉन्च के बाद ट्वीट किया, ÷ पूर्व न्यायाधीश और राज्यसभा सांसद रंजन गोगोई ने मेरी पुस्तक %मुख्यमंत्री डायरी 1% का विमोचन किया है, जो मेरे लिए महान है। इस पुस्तक मे मेरी मुख्यमंत्री के रूप में अपने पहले वर्ष के कार्यकाल के दौरान अपनी दैनिक गतिविधियों को लिखा है।

## तिरुवनंतपुरम में एक ही परिवार के 3 लोगों ने की खुदखुशी

» परिवार पर था 35 लाख से अधिक का कर्ज

**तिरुवनंतपुरम।** एक परिवार के तीन सदस्यों ने कादिनमकुलम में अपने घर में कथित तौर पर आग लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने शुक्रवार को इस घटना की सूचना दी। कदीनामकुलम निवासी रमेश (50), उनकी पत्नी सुलजाकुमारी (44) और उनकी बेटी रेशमा (22) ने आर्थिक तंगी के कारण कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कहा कि उन्हें गुरुवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे घटना की जानकारी मिली। पुलिस ने पीटीआई को बताया, विदेश में काम करने वाला रमेश कल सुबह पहुंचा था। उनके साथ रह रहे रिश्तेदारों ने रमेश के बेडरूम से कुछ आवाजें सुनीं, जो अंदर से बंद था।

स्थानीय लोगों ने दौड़कर आग बुझाने की कोशिश की और बेडरूम का दरवाजा तोड़ा लेकिन तब तक देर हो



चुकी थी। पुलिस ने कहा, हमें सुलजाकुमारी द्वारा कथित तौर पर लिखा गया एक नोट मिला है, जो दर्शाता है कि यह एक आत्महत्या थी। सूत्रों ने कहा कि परिवार पर धोखाधड़ी के करीब सात मामले दर्ज हैं और उन पर 35 लाख रुपये से अधिक का कर्ज है। जिस घर में वे रह रहे थे, उसे भी बैंक ने चेक बाउंस मामले में कुर्क कर लिया था।

### कर्नाटक के स्कूल में बम की धमकी से हड़कंप, मौके पर पुलिस और डॉग स्क्वॉड की टीम

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन डेस्क। कर्नाटक के एक स्कूल में बम रखे जाने की धमकी मिली है। स्कूल में बम की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। पुलिस और डॉग स्क्वॉड की टीम मौके पर पहुंच गई है। बम की खोजबीन की जा रही है। बम की खबर मिलते ही स्कूल को खाली कराया गया है। बच्चों को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया है। बेंगलुरु वेस्ट के डीसीपी ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

# पाकिस्तान को 319 रन का टारगेट

## कीवियों ने 277/5 पर घोषित की दूसरी पारी पाक ने शून्य गंवाए 2 विकेट

एजेंसी

**कराची।** कराची टेस्ट में न्यूजीलैंड हावी है। टीम को दिन भर में पाकिस्तान के 8 विकेट गिराने हैं। तो पाक बल्लेबाजों को आखिरी पारी में 319 रन बनाने हैं। उसे न्यूजीलैंड ने 319 रन का टारगेट दिया है। गुरुवार को चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक पाकिस्तान ने अपनी दूसरी पारी में शून्य के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए हैं। अब्दुल्लाह शफीक को टिम साउदी ने पहले ओवर की दूसरी ही बॉल पर क्लीन बोल्ड कर दिया है। तो नाइटवॉचमैन हजमा मीर ईश सोढी का शिकार बने। दूसरा विकेट गिरते ही अंपायर ने वेल्स उठा लिए। स्टंप्स के बाद इमाम उल हक बिना खाता खोले नाबाद लौटे। न्यूजीलैंड की टीम ने अपनी दूसरी पारी 277/5 के स्कोर पर घोषित की। टीम ने 128 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में टिम ब्लेंडल और माइकल ब्रेसवेल ने पारी संभाली और टीम का स्कोर 250 पार पहुंचाया। दोनों के बीच 5वें विकेट के लिए 220 गेंदों पर 127 रन की पार्टनरशिप की। इस पार्टनरशिप में ब्रेसवेल ने ब्लेंडल ने 110 गेंद पर 65 और 110 गेंदों पर 58 रन बनाए। इन दोनों के अलावा केन विलियमसन ने 41 और टॉम लॉथम ने 62 रन का योगदान दिया।




पाकिस्तान की ओर से नसीम शाह, हमजा मीर, अबरार अहमद, हसन अली, आगा सलमान ने एक-एक विकेट लिए।

दिन के पहले सेशन में पाकिस्तान की पहली पारी 408 रन पर समाप्त हुई। तीसरे दिन के नाबाद साउद शकील (125) ने अपने स्कोर में एक रन ही जोड़ा था कि अबरार अहमद शून्य पर सोढी का शिकार बन गए। कीवियों की ओर से एजाज पटेल और ईश सोढी ने तीन-तीन विकेट झटके। टिम साउदी, मैट हैनरी और डेरिल मिशेल के हिस्से एक-एक विकेट आए।

## अफ्रीका टी-20 लीग के मालिकों, बीसीसीआई के बीच टकराव

**मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका टी-20 लीग के टीम मालिकों और बीसीसीआई के बीच टकराव की स्थिति बन रही है। द. अफ्रीकी लीग (एसए20) की सभी 6 टीमों के मालिक वही हैं, जो आईपीएल की टीमों के मालिक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीसीसीआई अधिकारी द. अफ्रीकी टी20 लीग की टीमों के लोगो देखकर हैरान हैं। अधिकारियों का कहना है कि अफ्रीकी टीमों के लोगो हूबहू आईपीएल टीमों के लोगो के समान हैं। अधिकारी ने कहा, 'हम काफी हैरान हैं और इस पूरे मामले को क्रिकेट द. अफ्रीका और आईपीएल टीमों के सामने उठाएंगे।' यूएई में 13 जनवरी से शुरू होने वाली नई टी20 लीग को आईसीसी ने लिस्ट ए का दर्जा नहीं दिया है। आईसीसी ने पुष्टि की है कि इस इंटरनेशनल लीग टी20 के रिकॉर्ड टी20 में नहीं जोड़े जाएंगे। आईसीसी ने इसकी वजह बताई हुए कहा है कि यूएई पूर्ण सदस्य देश नहीं है। नियम के अनुसार, जो देश पूर्ण सदस्य नहीं है, उनके यहां होने वाली टी20 लीग को लिस्ट ए में शामिल नहीं किया जाता। इन लीग में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी के रिकॉर्ड को औपचारिक टी20 रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किया जाएगा। इस बीच, लीग की टीम शारजाह वॉरियर्स ने ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस के साथ करार किया है। 33 साल के स्टोइनिस फिलहाल बिग बैश में मेलबर्न स्टार्स से खेल रहे हैं।




# शेयर बाजार दो सप्ताह के निचले स्तर पर

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिकी फेड रिजर्व के जारी मिनट्स में ब्याज दर में आगे भी बढ़ोतरी करने के संकेत से वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के दबाव में स्थानीय स्तर पर निवेशकों की चौतरफा बिकवाली के कारण शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरता हुआ आज दो सप्ताह के निचले स्तर पर आ गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 452.90 अंक अर्थात 0.75 प्रतिशत लुढ़ककर दो सप्ताह के निचले स्तर 60 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 59900.37 अंक पर आ गया। इससे पूर्व यह पिछले वर्ष 23 दिसंबर को 59,845.29 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 132.70 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की गिरावट लेकर 17859.45 अंक पर रहा।

बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों पर भी बिकवाली का दबाव रहा। इससे मिडकैप 0.72 प्रतिशत टूटकर 25,166.71 अंक और स्मॉलकैप 0.73 प्रतिशत गिरकर 28,783.56 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई



में कुल 3639 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2080 में बिकवाली जबकि 1426 में लिवाली हुई वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 39 कंपनियां लाल जबकि शेष 11 हरे निशान पर रही।

बीएसई में एफएमसीजी और सर्विसेज की 0.67 प्रतिशत की बढ़त को छोड़कर शेष 18 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.82, सीडी 0.51, वित्तीय सेवाएं 1.03, हेल्थकेयर 0.84, आईटी 1.77, दूरसंचार 0.79, यूटिलिटीज 0.84, बैंकिंग 1.04, धातु 1.28, पावर 0.70, रियल्टी 0.62 और टेक समूह के शेयर 1.86 प्रतिशत गिर गया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.23, जापान का निक्केई 0.59 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.08 प्रतिशत ऊपर रहा। वहीं, जर्मनी के डैक्स में 0.16 और हांगकांग के हैंगसेंग में 0.29 प्रतिशत की गिरावट रही।

### जियो ने ग्वालियर और जबलपुर में लॉन्च की 5जी सर्विस

**भोपाल।** रिलायंस जियो ने शुक्रवार को ग्वालियर और जबलपुर में जियो ट्रू 5त्न सर्विस लॉन्च की। इसके साथ ही देश के 72 शहरों में अब तक जियो ट्रू 5जी सर्विस लॉन्च हो चुकी है। मप्र के इंदौर में हो रहे प्रवासी भारतीय दिवस और ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को देखते हुए जियो ने 2 और शहरों में अपने 5जी नेटवर्क को मजबूत किया है। इससे पहले जियो इंदौर और भोपाल में भी ट्रू5जी सर्विस लॉन्च कर चुका है। आज से ग्वालियर और जबलपुर के जियो यूजर्स को %जियो वेलकम ऑफर % के तहत आमंत्रित किया जाएगा। जियो वेलकम ऑफर के तहत यूजर्स को मुफ्त की स्पीड से अनलिमिटेड डेटा मिलेगा।

# देश-विदेश डायरी

## युगांडा में बस के ट्रक से टकराने से 16 की मौत

**कंपाला।** उत्तरी युगांडा के ओयाम जिले में गुरुवार रात में एक बस के खड़े ट्रक से टकरा जाने से 16 लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि पीड़ित राजधानी कंपाला से गुलु की कम्यूटर बस में यात्रा कर रहे थे, जब वाहन एडेबे ट्रेडिंग सेंटर में माल से लदे ट्रक से टकरा गया। बयान में कहा गया,÷पुलिस यातायात और सामान्य कर्तव्य ने रिपोर्ट प्राप्त करने के तुरंत बाद घटनास्थल का दौरा किया और पुष्टि की कि 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य की गंभीर स्थिति में अस्पताल में मौत हो गई। युगांडा रेड क्रॉस सोसाइटी के अनुसार, बाद में बस के मलबे में एक और शव मिला, जिससे मरने वालों की संख्या 16 हो गई। पुलिस ने कहा कि दुर्घटना का कारण अभी तक स्थापित नहीं किया गया है, लेकिन प्रारंभिक जांच में ट्रेलर चालक द्वारा अनुचित पार्किंग पर दुर्घटना को दोषी ठहराया गया है, जो कोई चेतावनी संकेत लगाने में विफल रहा।

## बीमारी ग्रस्त व्यक्ति ने गोली मारकर की खुदकुशी

**होशियारपुर ।** पंजाब के होशियारपुर में गुर्दे की बीमारी से ग्रस्त एक व्यक्ति ने शुक्रवार को अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से सिर में गोली मारकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि माउंट एवेन्यू कालोनी निवासी रणवीर सिंह (47) ने अपने घर में खुदकुशी कर ली। वह लंबे समय से गुर्दे की बीमारी से ग्रस्त था हालांकि कोई चिट्ठी न मिलने के कारण आत्महत्या के वास्तविक कारण के बारे में कुछ पता नहीं चला है। पुलिस ने लाश पोस्ट मार्टम के लिए स्थानीय सरकारी अस्पताल में भिजवा दी है और मामले की जांच जारी है।

## कंझावला मामला : पांच नहीं, अब सात लोग बनाए गए आरोपी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस उन दो लोगों की तलाश में जुटी है जिन पर कंझावला हादसे के आरोपियों को बचाने की कोशिश करने का संदेह है। पुलिस ने यह भी कहा कि इस मामले में 18 टीमें जांच कर रही हैं। जरूरत पड़ने पर पुलिस आरोपियों का नार्को परीक्षण भी करा सकती है। उधर, दिल्ली की एक अदालत ने पांचों आरोपियों को चार दिन के लिए पुलिस हिरासत में गुरुवार को भेज दिया। दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त (कानून व्यवस्था) सागर प्रीत हुड्डा ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज और काल डिटेल के आधार पर दो और लोगों की संलिप्तता सामने आई है और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। इन दोनों लोगों की पहचान आशुतोष और अंकुश के तौर पर हुई है। वे आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रहे थे। अभी तक हुई जांच में सामने आया है कि युवती और आरोपी एक-दूसरे को नहीं जानते थे। उन्होंने बताया कि 18 दल हर पहलू से दिन रात जांच कर रहे है। हुड्डा ने दुर्घटना का सटीक समय रात 2ः04 बजे से लेकर 2ः06 बजे के बीच बताया और कहा कि पुलिस हर गवाह व पक्ष से गहनता से पूछताछ कर रही है। उन्होंने कहा कि वारदात की रात कार दीपक नहीं अमित चला रहा था। अमित के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था। दोनों नए आरोपियों के नाम आशुतोष व अंकुश खन्ना हैं। आशुतोष वही है जिसकी कार आरोपी ले गए थे और अंकुश पहले से गिरफ्तार आरोपी अमित का भाई है। आशुतोष को पुलिस से गलत जानकारी साझा करने के लिए आरोपी बनाया है। उसी ने कहा था कि दीपक कार ले गया था और वही कार चला रहा था। वहीं अंकुश को पुलिस ने इसलिए आरोपी बनाया है क्योंकि उसने आरोपी भाई अमित से घटना के बारे में सब जानते हुए भी कार किसी और के चलाने वाली बात प्रसारित करने को कहा था। आरोपियों और अंजलि के बीच कोई संबंध नहीं थाहुड्डा ने कहा कि जरूरत पड़ने पर पुलिस नार्को परीक्षण भी करा सकती है। उन्होंने कहा कि अभी तक की जांच में पता चला है कि आरोपियों और अंजलि के बीच कोई संबंध नहीं था। पुलिस जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपियों ने पकड़े जाने के समय जो बयान दिया था वह भी गलत है।

## विश्वकप में हिस्सा लेने ओडिशा पहुंची बेल्जियम की टीम

**भुवनेश्वर।** गत विजेता बेल्जियम की टीम एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 में भाग लेने शुक्रवार को ओडिशा पहुंची जहां प्रशंसकों ने टीम का गर्मजोशी से इस्तकबाल किया। बेल्जियम को जर्मनी, जापान और कोरिया के साथ पूल बी में रखा गया है और वह 14 जनवरी को भुवनेश्वर में कोरिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। कप्तान फेलिक्स डेनेयर के नेतृत्व में रेड लायंस एफआईएच 2018 पुरुष हॉकी विश्व कप के अपने प्रदर्शन को दोहराने और ट्रॉफी को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे और अगर बेल्जियम यह कारनामा करने में सफल रहती है तो हॉकी विश्व कप के लगातार दो संस्करण जीतने वाली चौथी टीम हो जायेगी। इससे पहले पाकिस्तान,जर्मनी और आस्ट्रेलिया लगातार दो बार विश्वकप ट्राफी उठाने का गौरव हासिल कर चुके हैं। पाकिस्तान ने 1978 और 1982 में हाकी विश्वकप पर कब्जा जमाया था जबकि जर्मनी 2002 और 2006 में यह कारनामा करने वाला दूसरा देश बन गया था। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया ने 2010 और 2014 के विश्वकप का खिताबी मुकाबला जीता है। बेल्जियम के कप्तान ने यहां पहुंचने के बाद कहा ÷ हम विश्वकप ट्राफी पर कब्जा बरकरार रखने की नीयत से यहां आये हैं। इससे पहले हमने स्पेन में एक प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया था जहां हमने अपने सभी गेम जीते हैं। हमारे खिलाड़ी आत्मविश्वास से लबरेज हैं और यही बात हमे विश्वकप अभियान को आसान बनाने में मदद करेगी। हम जानते हैं कि हमारे अलावा और टीमें भी पूरी तैयारी के साथ यहां आयी है जिससे हमारा हर मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है मगर हमें भरोसा है कि इस कठिन प्रतियोगिता में टीम का हर सदस्य अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिये उत्साहित है।

## एएसओएस की चार खिलाड़ी बंगाल की फुटबाल टीम में चयनित

**कोलकाता।** आदित्य स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स (एएसओएस) रेनबो की चार फुटबॉल खिलाड़ियों ने 2023 खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिये बंगाल की महिला फुटबॉल टीम में अपनी जगह बना ली है। भारतीय फुटबॉल संघ (आईएफए) चयन समिति ने पिछले महीने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ग्राउंड कोलकाता में ट्रायल सत्र के दौरान खिलाड़ियों की क्षमता को जांचा परखा था जिसमें प्रीति सरकार को बंगाल टीम के गोलकीपर के रूप में चुना गया है जबकि स्वात कुंडू ने मिड हाफ के रूप में क्वालीफाई किया। इसके अलावा वंदना रॉय और मोलिका टुडू को स्टॉपर के रूप में चुना गया है। वर्ष 2017 में खेलो इंडिया की स्थापना के बाद से भारत को खेलों में महाशक्ति बनाने के उद्देश्य से जमीनी स्तर पर खेल, टीम भावना, रणनीतिक और विश्लेषणात्मक सोच, नेतृत्व कौशल, लक्ष्य निर्धारण, और खेल कौशल को प्रोत्साहित किया जा रहा है। पांचवां खेलो इंडिया यूथ गेम्स इस बार मध्य प्रदेश के आठ शहरों में होगा, जहां विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। राज्य में 27 प्रतियोगिताओं में 8,500 एथलीटों अपना भाग्य अजामायेंगे। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में इस बार पहली बार वाटर स्पोर्टस को शामिल किया गया है और कैनो स्लैलम, कयाकिंग, कैनोइंग और रोइंग जैसे गेम्स को शामिल कर इसको विशेष और अद्वितीय बनाया जा रहा है। आदित्य ग्रुप के चेयरमैन अनिर्बन आदित्य ने इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए कहा, ÷हम अपने चयनित खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हैं और उन्हें टूर्नामेंट के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं। यह चयन हमारी अकादमी के तकनीकी निदेशक जयब्रत घोष की देखरेख में फुटबॉलरों की कड़ी मेहनत और समर्पण का फल है। हमारे खिलाड़ियों ने हमें गौरवान्वित किया है। हम आशा करते हैं कि वे अपने जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634

# प्रभास स्टारर 'प्रोजेक्ट के' से रिवील हुआ दीपिका का लुक

आज बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण का जन्मदिन है। इस खास मौके पर एक्ट्रेस के फैंस को लगातार एक के बाद एक सरप्राइज मिल रहे हैं। पहले सुपरस्टार शाहरुख खान ने अपनी अपकमिंग फिल्म पठान से दीपिका का इंटेंस लुक का पोस्टर शेयर किया था। वहीं दीपिका पादुकोण के बर्थडे अब बाहुबली एक्टर प्रभास स्टारर 'प्रोजेक्ट के' के मेकर्स ने फिल्म के फर्स्ट लुक जारी कर दिया है।'प्रोजेक्ट के' मेकर्स ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का फर्स्ट पोस्टर पोस्ट किया है। सामने आए पोस्टर में दीपिका पादुकोण का फेस भले ही नजर नहीं आ रहा हो। मगर उनका लुक काफी दमदार लग रहा है। 'प्रोजेक्ट के' की फर्स्ट लुक की तस्वीर में दीपिका सूरज की किरणों सामने एक योद्धा बनकर डटी हुई दिखाई दे रही हैं। फोटो को देखकर ऐसा लग रहा है कि उसकी बाहों में कई पट्टियाँ लिपटी हुई हैं।इस पोस्टर पर लिखा है अंधेरे में एक आशाष्जन्मदिन की शुभकामनाओं के साथ, ष्जन्मदिन मुबारक हो दीपिका, टीम प्रोजेक्ट के। प्रोजक्ट के फर्स्ट लुक को देखकर जहां प्रभास और दीपिका के फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ गई है। सोशल मीडिया पर लोग दीपिका के लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं वहीं कुछ प्रोजेक्ट के से दीपिका के लुक को देखकर एक बार फिर नेटिजन्स एक्टिव हो गए हैं और वो फिल्म के लुक की तुलना हॉलीवुड फिल्म से कर रहे हैं।एसोशल मीडिया पर प्रोजेक्ट के की पोस्टर तेजी से वायरल हो रहा है और सोशल मीडिया यूजर्स तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। वहीं ज्यादातर कॉमेंट में ये लिखा है कि दीपिका का लुक साल 2021 में आई हॉलिवुड फिल्म ड्यून की एक्ट्रेस जेंडाया की याद दिला रहा है और उसके जैसा है। कई लोगों को लग रहा है कि लुक वहां से कॉपी किया गया है। दीपिका के लुक को लेकर नेटिजन्स ने कॉपी बताया है और कॉमेंट कर लिख रहे हैं, फिर से कॉपी।



# वृंदावन के आश्रम में बेटी वामिका संग मस्ती करते दिखे विराट और अनुष्का

## सोशल मीडिया पर वीडियो हुई वायरल

भारीतय क्रिकेट टीम के दमदार क्रिकेटर कहे जाने वाले विराट कोहली और बॉलीवुड की उम्दा एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। दरअसल विराट और अनुष्का इन दिनों अपने काम से दूर अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करते हुए नजर आ रहे हैं, ऐसे में अब दोनों ही कपल वृंदावन के आश्रम में बेटी वामिका संग दर्शन करने पहुंच गए हैं। जहां बेटी के साथ मस्ती करते हुए कपल का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। दरअसल सोशल मीडिया पर विराट और अनुष्का की एक वीडियो तेजी से वायरल हो रही हैं। जिसमे विराट और अनुष्का वृंदावन के एक आश्रम में कपल श्री हित प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज से मिलने पहुंचे हैं। इस दौरान अनुष्का और विराट जमीन पर नीचे बैठे नजर आ रहे और इस कपल की लाडली बेटी वामिका अपनी मां की गोद में बैठी दिख रह हैं। वीडियो में विराट-अनुष्का हाथ जोड़े हुए महाराज जी का ध्यान करते दिख रहे हैं। वायरल हो रहे इस वीडियो में वामिका का चेहरा नहीं दिख पा रहा हैं क्यों की वामिका के चेहरे पर इमोजी लगा दी गयी हैं। वही वीडियो की शुरुआत में वामिका पहले अनुष्का की गोदी में मजे करते हुए दिखती है जिसके बाद वामिका अपने पापा यानी विराट की गोदी में चली जाता हैं। भले ही इस दौरान वामिका का चेहरा नहीं दिखा। लेकिन उनकी मस्ती अब लोगों को खूब पसंद आ रही हैं। वही इस दौरान वामिका ने सफेद रंग की ड्रेस पहनी थी, वहीं अनुष्का ने सफेद टोपी और फूलों के दुपट्टे के साथ काली जैकेट पहन रखी थी। विराट ने ब्लैक कैप और ट्राउजर के साथ ऑलिव ग्रीन जैकेट पहनी थी। वही इस वीडियो पर फैंस जमकर प्यार बरसाते हुए दिख रहे हैं। जहां एक यूजर ने कमेंट कर लिखा है की- इस परिवार को किसी की नजर ना लगे, तो वही एक यूजर ने लिखा है की- वामिका बेहद ही प्यारी लग रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो कहा जा रहा है की बुधवार की सुबह विराट और अनुष्का वृंदावन पहुंचे थे। जहां उन्होंने जरुरतमंदो के बीच कंबल भी बांटे। रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों ने आश्रम में करीबन एक घंटे तक ध्यान भी किया।



## करीना- करिश्मा ने पैपराजी के सामने बच्चों को किया इग्नोर

बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर और करिश्मा कपूर को हाल ही में एक साथ स्पॉट किया गया। बेबो और लोलो अपने पापा रणधीर कपूर के घर उनसे मिलने पहुंची थीं, जिसका एक वीडियो सामने आया है। लेकिन इस वीडियो के सामने आते ही दोनों को खूब ट्रोल किया जा रहा हैं। दरअसल, वीडियो में करिश्मा और करीना गाड़ी से उतर कर अंदर जाती हुई नजर आ रही है। इस दौरान वह साथ में पैपराजी को पोज दे रही थी । इस बीच उन्हें देख दो प्यारे से बच्चे चेहरे पर मासूमियत भरी मुस्कुराहट लेकर दौड़ते हुए उनके साथ फोटो क्लिक करवाने के लिए उनके पास पहुंचते हैं। पर जैसे ही बच्चे उनके करीब आते हैं दोनों ही बहनें उन्हें नजरअंदाज कर अंदर चली जाती है। बच्चों का इस तरह दिल तोड़ना लोगों को

# पिता गुजरे तो एग्जाम में फेल होने लगे थे रहमान

2 ऑस्कर, 2 ग्रैमी और दर्जनों अवॉर्ड जीतने वाले सिंगर और कंपोजर ए.आर. रहमान आज 56 साल के हो चुके हैं। आज दुनियाभर में अपने हुनर से नाम कमाने वाले ए. आर. रहमान का बचपन बेहद गरीबी और पिता की नामौजूदगी में मुश्किल रहा। 9 साल की उम्र में पिता के गुजरने के बाद आर्थिक जिम्मेदारी उठाई। जिम्मेदारियां ऐसी कि कम उम्र में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ी।

वहीं एक समय ऐसा भी रहा जब ए.आर. रहमान को आत्महत्या करने का ख्याल आता था। मजबूरी से शुरू हुआ म्यूजिकल सफर उन्हें कामयाबी की राह पर ले गया। आज ए.आर. रहमान भारत के सबसे बेहतरीन कंपोजर्स और सिंगर्स में से एक हैं। ए.आर. रहमान का जन्म तमिलनाडु में हुआ था। उनके पिता आरके शेखर एक फिल्म स्कोर कंपोजर थे। पिता ने 4 साल की उम्र में रहमान को भी पियानो बजाना सिखा दिया। जब रहमान 9 साल के हुए तो उनके पिता गुजर गए। पिता के जाने के बाद परिवार को गरीबी का सामना करना पड़ा। घर चलाने के लिए रहमान की मां उनके पिता के म्यूजिक इंट्रुमेंट्स किराए पर देती थीं।

क्योंकि रहमान वो इंट्रुमेंट्स चलाना जानते थे, इसलिए उन्हें भी साथ जाना पड़ता था। इंट्रुमेंट्स ऑपरेट करते हुए उन्हें पहली कमाई के रूप में 50 रुपए मिले थे। आर्थिक जिम्मेदारी आने पर रहमान का ध्यान पढ़ाई की तरफ से हटने लगा। अटेंडेंस कम होती चली गई और ये एग्जाम में फेल होने लगे। साल 2012 में दिए एक इंटरव्यू में ए.आर. रहमान ने बताया कि एग्जाम में फेल होने के बाद स्कूल प्रिंसिपल ने उनकी मां को मिलने बुलाया और शिकायत की। जब मां ने उन्हें आर्थिक तंगी का हवाला दिया तो प्रिंसिपल ने उनसे कहा था कि इस लड़के अब कभी स्कूल मत भेजना और इसे सड़कों पर लेकर भीख मांगो। प्रिंसिपल द्वारा जलील होने के बाद ए.आर. रहमान ने वो स्कूल छोड़ दिया और एम.सी.एन स्कूल में दाखिला लिया, जहां उन्होंने एक छोटा सा बैंड भी बनाया था। रहमान के लिए म्यूजिक और पढ़ाई के बीच तालमेल बैठा पाना मुश्किल हो रहा था, तो उन्होंने मां की सलाह लेकर 15 साल की उम्र में पढ़ाई छोड़ दी। ए.आर. रहमान का जन्म एक हिंदु परिवार में हुआ था। माता-पिता ने इन्हें दिलीप कुमार दिया था। जब रहमान 20 साल के हुए तो उन्होंने अपना नाम और धर्म बदलने के फैसला किया। कारण था उनकी मां का इस्लाम की तरफ प्रभावित होना। इस्लाम कबूल कर 20 साल की उम्र में रहमान, दिलीप कुमार से ए.आर. रहमान बन गए। रहमान को दिलीप नाम उनके दर्दभरे अतीत के दिनों को याद दिलाता है।

# दिशा पाटनी और अलेक्जेंडर एलिक की फोटो देख कृष्णा श्रॉफ ने किया रिएक्ट

दिशा पाटनी इन दिनों 2 वजहों से सुर्खियों में बनी हुई हैं। पहला उनकी इंस्टाग्राम पर आग लगाती तस्वीरें और दूसर उनका रूमर्ड बॉयफ्रेंड अलेक्जेंडर एलिक के साथ रिश्ता। आपको बता दें, लम्बे समय से ऐसी खबरें थी कि दिशा- टाइगर श्रॉफ के साथ रिलेशनशिप में हैं। हालांकि दोनों ने ही कभी अपना रिश्ता दुनिया के सामने कुबूल नहीं किया।

लेकिन कुछ वक्त पहले ऐसी खबरें सामने आई कि दोनों का ब्रेकअप हो गया है। जिसके बाद एक्ट्रेस का नाम अलेक्जेंडर एलिक के साथ जोड़ा जाने लगा। कई दिनों से ऐसी अफवाहे उड़ रही हैं कि दिशा-अलेक्जेंडर को डेट कर रही हैं। आए दिन दोनों साथ में दिखाई देते हैं। सोशल मीडिया पर भी इनकी तस्वीरें छाई रहती हैं। वहीं, हाल ही में इस रूमर्ड कपल की कुछ और तस्वीरें देखने को मिली, जिसके बाद ये दोनों लाइमलाइट में आ गए। इन फोटोज में इनकी बॉन्डिंग के अलावा जिस चीज ने सबका सबका ध्यान खिंचा वो था टाइगर की बहन कृष्णा श्रॉफ का रिएक्शन। दरअसल, गुरुवार को अलेक्जेंडर ने दिशा के साथ कुछ लेटेस्ट फोटो शेयर की थी। इन तस्वीरों को देख दिशा और अलेक्जेंडर की नजदीकियों का अंदाजा लगाया जा सकता है।

साथ ही ये दावा और भी मजबूत होता दिख रहा है कि सच में अलेक्जेंडर और दिशा एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। लेकिन इन सबके बीच अलेक्जेंडर के इस पोस्ट पर टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ का रिएक्शन हैरान करने वाला है। दरअसल, कृष्णा श्रॉफने इन फोटो पर कमेंट करते हुए लिखा, इस तस्वीर के बाद वो क्या लिखते हैं, उसे पढ़ने का इंतजार नहीं कर सकती।

# नेहा कक्कड़ की पिज्जा बनाते हुए वीडियो देख यूजर्स ने उड़ाया मजाक

बॉलीवुड की फेमस सिंगर कही जाने वाली नेहा कक्कड़ एक बार फिर सुर्खियों में आ गयी हैं। दरअसल नेहा कक्कड़ के गानों के लोग दीवाने हुए रहते हैं। वही नेहा अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफको लेकर भी खूब चर्चा में बनी रहती हैं। ऐसे में इंटरनेट पर अब नेहा कक्कड़ की एक और वीडियो तेजी से वायरल हो रही हैं।



जिसे देख यूजर्स जमकर मजे लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। दरअसल नेहा कक्कड़ न्यू ईयर के मौके पर अपनी मां के साथ मस्ती करती हुई दिखाई दी। जहां नेहा अपनी मां के साथ एक रेस्तरां में पिज्जा बनाती हुई दिखाई दी। वही नेहा का ये पिज्जा बनाते हुए वीडियो खूब वायरल हो रही हैं। इस वीडियो में नेहा रेड कलर के आउटफिट में होटल में पिज्जा बनाते हुए दिखाई दीं। इस दौरान उनकी मां भी पिज्जा बनाने में नेहा का साथ देती हुई दिखाई दे रही हैं। वीडियो को शेयर करते हुए नेहा ने कैप्शन में लिखा, पता है? मैं खाना नहीं बनाती लेकिन यह आसान था। हालांकि वीडियो के सामने आते ही जहां कई फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं तो वहीं कुछ लोग उन्हें ट्रोल करते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, उल्टा सीधा पिज्जा बनाकर इतनी खुशी। हम तो घर पर दिन भर खाना बनाते रहते हैं फिर भी घर वाले बोलते हैं तुम करती क्या हो।श् इसके अलावा दूसरे यूजर ने लिखा, 'बन गया आलू पराठा। ऐसे ही तमाम यूजर ने अपना अलग अलग रिएक्शन दिया है। वही ये पहली बार नही है जब नेहा कक्कड़ को इस तरह ट्रोल किया जा रहा हैं। बल्कि इससे पहले भी कई बार नेहा कक्कड़ को ट्रॉल्लिंग का शिकार होना पड़ा हैं। कभी अपनी हाइट को लेकर तो कभी अपने गानों को लेकर एक्ट्रेस को अक्सर सोशल मीडिया पर यूजर्स ट्रोल करते रहते हैं। इसी के साथ नेहा कक्कड़ सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव भी रहती हैं। अपने फैंस को अपने पल-पल का अपडेट भी देती रहती हैं।

# सलमान खान पर फिर हमलावर हुई सोमी अली

## *बोलीं-सलमान मुझे घंटो मारते थे, चोट छिपाने के लिए मेकअप की मदद लेनी पड़ती थी*

सोमी अली ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है जिसमें उन्होंने सलमान खान पर काफी गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि जब वो मुंबई में रहती थीं तो सलमान उन्हें मारते पीटते थे साथ ही गाली गलौज भी करते थे। सोमी का कहना है कि उन्हें कई बार मेकअप से अपनी चोट छिपानी पड़ती थी। सोमी ने कहा है कि सलमान ने उनके साथ जो भी किया वो कोई अलग बात नहीं है क्योंकि उन्होंने कई लड़कियों के साथ ऐसा किया है। ऐसा पहली बार नहीं है कि सोमी ने सलमान के खिलाफ बोली है, वो पहले भी कई बार सलमान खान के खिलाफ हमलावर होती रही हैं। सोमी अली ने अपने सोशल मीडिया पर एक लंबा नोट शेयर किया है। सोमी ने उस नोट में लिखा है कि उनके चलाए ह्व0 से प्रभावित होकर डिस्कवरी पर एक डाक्युमेंट्री फाइट और फ्लाइट पर सलमान खान ने बैन लगवा दी थी। सोमी ने कहा- जब मैं न्यूयॉर्क में थी तो सलमान के वकील ने मुझे धमकी भरे ईमेल्स भेजे और कहा कि उन्होंने सलमान के खिलाफत में कुछ भी बोला तो जान से हाथ धो बैठोगी। इसके अलावा जब मैं मुंबई में थी तो सलमान खान मुझे गाली देते और मारते पीटते थे। अजय शेलार जो मेरे मेकअप आर्टिस्ट थे, उन्हें मेरी गर्दन और बॉडी के अन्य हिस्सों पर मेकअप लगाकर चोट के निशान छिपाने पड़ते थे। मेरी हालत को स्टूडियो जाने पर सभी प्रोड्यूसर देखा करते थे। मैं चाहती हूं कि वो पब्लिकली मेरे से माफी मांगे लेकिन वो ऐसा कभी नहीं करेगा क्योंकि वो काफी ज्यादा इगो वाला इंसान है। सोमी ने आगे कहा- %मैंने बचपन से ही घरेलू हिंसा झेली है। जब मैं पांच साल की थी तब मेरा न शोषण किया गया। 9 साल की उम्र में पाकिस्तान में मेरा शारीरिक शोषण हुआ। 14 साल की उम्र में यूएस में यौन हिंसा हुई। जब इंडिया आई तो उस इंसान ने मेरे साथ हिंसा की जिसे मैं 8 साल तक डेट कर चुकी थी।



## रुथ प्रभु ने शुरू की फिल्म शाकुंतलम की डबिंग

सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म शाकुंतलम की तैयारियों में लगी हुई हैं। उनकी यह फिल्म 17 फरवरी को रिलीज के लिए तैयार है। इसी बीच 5 जनवरी को सामंथा ने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर किया है, जिसमें वो शाकुंतलम के लिए डबिंग करते हुए नजर आ रही हैं। यशोदा की रिलीज के बाद यह सामंथा की पहली फिल्म है, जिसमें वो मायोसाइटिस बीमारी के इलाज के दौरान काम कर रही हैं। फोटो के साथ सामंथा ने बेहद मोटिवेशनल कैप्शन भी शेयर किया है। सामंथा ने पोस्ट में लिखा- 'दुनिया में इस पागलपन, दुख और नुकसान का इलाज कला है। मैं इसके जरिए खुद अपने घर का सफर तय करती जाऊंगी।' बता दें कि शाकुंतलम एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जिसे गुणशेखर के द्वारा लिखा और डायरेक्टर किया गया है। यह फिल्म प्रसिद्ध कवि और नाटककार कालिदास के नाटक शकुंतला पर आधारित है।

# 800 करोड़ है टेलर स्विफ्ट की बिल्ली की ब्रांड वैल्यू



पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट की बिल्ली की ब्रांड वैल्यू दुनिया के कई अमीर लोगों के संपत्ति से भी ज्यादा है। टेलर स्विफ्ट की बिल्ली ओलिविया बेनसन की ब्रांड वैल्यू (97 मिलियन डॉलर) यानी 800 करोड़ है।

ये दुनिया की तीसरी सबसे महंगी पेट है। ये पालतू बिल्ली, टेलर के साथ कई एड और म्यूजिक वीडियोज में नजर आ चुकी है। यहां तक कि इस बिल्ली के नाम से सोशल मीडिया पर कई फैन क्लब भी चलते हैं। ये कहना गलत नहीं होगा कि बॉलीवुड के कई बड़े एक्टर्स की जितनी नेट वर्थ नहीं होगी उससे ज्यादा टेलर स्विफ्ट के बिल्ली की ब्रांड वैल्यू है। टेलर स्विफ्ट की संपत्ति की बात करें तो वो करीब 4700 करोड़ की मालकिन हैं। टेलर स्विफ्ट इस बिल्ली ओलिविया ने उनके साथ कई कमर्शियल में काम किया है। डाइट कोक और नेड स्नीकर्स के बिग बजट एड में ये बिल्ली नजर आ चुकी है। इसके अलावा वो ब्लैंक स्पेस जैसे कई म्यूजिक वीडियोज में दिख चुकी है। इस बिल्ली की अपनी मर्चेंडाइज लाइन है। ऑल अबाउट कैट्स ने द अल्टीमेट पेट रिच लिस्ट जारी की है इसमें टेलर स्विफ्ट की इस बिल्ली को तीसरी पोजिशन मिली है। पहले नंबर पर गुंतर ढ्ढङ्क नाम का डॉग है जिसकी कुल वैल्यू 4100 करोड़ है जबकि सेकेंड पोजिशन पर नाला नाम की बिल्ली है जिसकी कुल वैल्यू 100 मिलियन डॉलर यानी करीब 826 करोड़ है। टेलर अपनी बिल्लियों से काफी प्यार करती हैं। उन्होंने एक बार कहा था- मैं अपने अपार्टमेंट में घंटो बैठ कर उनको देखती रहती हूं।

मै अपनी बिल्लियों को लेकर काफी ज्यादा ऑब्सेस्ड हूं। मैं अपनी बिल्लियों से इतना प्यार करती हूं कि जब फिल्म कैट्स आई थी तो मैंने सोचा कि मुझे यह करना होगा। टेलर स्विफ्ट का जन्म 13 दिसंबर 1989 को अमेरिका के पेंसिल्वेनिया शहर में हुआ था। वो महज 10 साल की उम्र में उन्होंने गाने लिखना और गाना शुरू कर दिया था। 20 साल की होते- होते उन्होंने ग्रेमी अवॉर्ड जीत लिया था। बॉलीवुड की भी कई एक्ट्रेस हैं जिन्हें बिल्लियां का शौक है।

# ऋषभ से मिलने पहुंची उर्वशी रौतेला

## यूजर्स बोले- उर्वशी को इलाज की जरूरत है

30 दिसंबर 2022 को ऋषभ का एक्सीडेंट हो गया था। तब से लगातार हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा है। 4 जनवरी को उन्हें देहरादून से एयरलिफ्ट कर मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। इस बीच एक्ट्रेस उर्वशी ने एक बार फिर ऋषभ को लेकर क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है। दरअसल उर्वशी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में उस हॉस्पिटल की फोटो पोस्ट की है, जहां ऋषभ एडमिट हैं।

उर्वशी की इस पोस्ट के बाद से सोशल मीडिया पर खबर फैल गई है कि वो ऋषभ से मिलने के लिए हॉस्पिटल पहुंची थीं। जिसके बाद से लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं।

यूजर को पक्का यकीन है कि उर्वशी ने हॉस्पिटल जाकर पंत से मुलाकात की है। बता दें कि कभी खबरें थीं कि ऋषभ और उर्वशी रिलेशनशिप में हैं, लेकिन बाद में उन्होंने ऐसी खबरों से इनकार कर दिया था। बल्कि दोनों के बीच की कोल्ड वॉर जरूर बेहद सुर्खियों में रहीं। ऋषभ के सीरियस एक्सीडेंट पर लगातार उर्वशी का रवैया देखकर यूजर्स बेहद नाराज है। उनका मानना है कि उर्वशी क्रिकेटर के नाम पर फेम कमाना चाहती हैं। एक यूजर ने लिखा- 'फेम पाने के लिए यह कितनी घटिया ट्रिक है। ऋषभ अभी एक बड़े हादसे से गुजरे हैं। अब यह कोई मजाक नहीं है, ये मेंटल टॉर्चर हो गया है।

दूसरे यूजर ने लिखा- भारत में पुरुषों के पास महिलाओं के लिए एक्शन लेने के लिए कोई सहारा नहीं है। उर्वषी का यह रवैया अब मजाक नहीं है। एक अन्य यूजर ने लिखा- ये मेंटल टॉर्चर है। इस लड़की का दिमाग खराब हो गया है। उर्वशी के खिलाफ स्ट्रिक्ट एक्शन लिया जाना चाहिए, वो लगातार पंत को टॉर्चर कर रही है। एक अन्य यूजर ने लिखा- 'एक जरूरतमंद महिला को इलाज की जरूरत है वो अस्पताल के बाहर मदद की गुहार लगा रही है, लेकिन उसका इलाज नहीं किया जा रहा है। उर्वशी की मां मीरा रौतेला ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर ऋषभ पंत के जल्द ठीक होने की दुआ मांगी थी। मीरा के इस पोस्ट के बाद यूजर्स उन्हें तसल्ली दे रहे हैं कि उनके दामाद जल्द ही ठीक हो जाएंगे।



ऋषभ पंत की फोटो शेयर करते हुए मीरा रौतेला ने लिखा- 'सोशल मीडिया की अफवाह एक तरफ और आपका स्वस्थ होकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का नाम रोशन करना दूसरी तरफ। सिद्धबली बाबा आप पर विशेष कृपा करें। आप सभी लोग भी प्रार्थना करें, गॉड ब्लेस यू ऋषभ पंत। दरअसल, एक्सीडेंट की खबर के कुछ देर बाद उर्वशी ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक खूबसूरत फोटो शेयर की थी। पोस्ट में उर्वशी ने लिखा था- प्रेइंग( प्रार्थना कर रही हूं)। हालांकि, उन्होंने पोस्ट में कहीं ऋषभ का नाम नहीं लिया, लेकिन यूजर्स का मानना है कि उर्वशी का यह पोस्ट ऋषभ पंत के लिए लिखा गया था। पोस्ट पर जहां कुछ लोग कमेंट सेक्शन में ऋषभ के ठीक होने की दुआएं कर रहे थे, तो वहीं कई लोग उर्वशी के इस रवैए के लिए उन्हें ट्रोल भी किया। ऋषभ पंत के साथ यह हादसा सुबह 5.30 बजे रुड़की के नारसन बॉर्डर पर हम्मदपुर झाल के मोड़ पर हुआ। झपकी के बाद उनकी मर्सिडीज अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। यह जगह उनके घर से 10 किलोमीटर दूर है। उस वक्त कार की रफ्तार 150 किमी/घंटे थी। कार 200 मीटर तक घिसटते चली गई।

# सलमान खान ने उड़ाई शालीन और टीना के रिश्ते की धज्जियां

छोटे परदे का फेमस रियलिटी शो बिग बॉस आए दिन सुर्खियों में बना रहता हैं। शो में आए दिन दिलचस्प ट्विस्ट और टर्न्स आते ही रहते हैं। घर में आए दिन रिश्तें बदलते हुए दिखाई देते हैं। वही इस पुरे हफ्ते घर में काफी ज्यादा घमासान देखने को मिली। ऐसे में अब पुरे हफ्ते का चार्टबुक लेकर शो के होस्ट होस्ट सलमान वीकेंड का वार लेकर हाजिर हो गए हैं। लेकिन इस बार सलमान घर के इन दो कंटेस्टेंट की जमकर क्लास लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं।



दरअसल बाईट हफ्ते शालीन और टीना ने अपने रिश्ते से घरवालों के साथ-साथ ऑडियंस को भी काफी ज्यादा कंफ्यूज करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जहां टीनाऔर शालीन अभी दूसरे से काफी लड़ते हुए दिखाई देते है तो वही दूसरे पल में दोनों एक दूसरे के करीब आकर ऐसे गले लग जाते हैं। जैसे कुह हुआ ही नहीं हो।इसी के साथ हाल ही में घर में हुए न्यू ईयर पार्टी में शालीन और टीना का रोमांटिक डांस देख तो घर के कंटेस्टेंट सहित दर्शकों के होश उड़ गए थे। वही अब बिग बॉस के मेकर्स की ओर से जारी किए गए प्रोमो वीडियो में इसकी एक झलक दिखाई गई। जहां सलमान खान टीना दत्ता से पूछते हैं कि वो क्या और किसके साथ खेल रही हैं? इस पर टीना दत्ता कहती हैं, श्सर मैं एक्ट नहीं करती। मैंने शालीन को भी कहा है कि हम साथ नहीं हो सकते। इसके बाद सलमान खान टीना दत्ता को गुस्से में बताते हैं कि उनके गेम में कोई निरंतरता नहीं है। वो कमजोर पड़ती हैं तो शालीन के पास चली जाती हैं। मजबूत होती हैं तो उसे छोड़कर चली जाती हैं। इसके बाद सलमान खान पार्टी का मुद्दा उठाकर बोलते हैं कि अभी लड़ाई हुई और जैसे ही म्यूजिक चला चिपक गए। ये चल रहा है। सलमान खान टीना दत्ता से पूछते हैं कि क्या वहां कोई और नहीं था जिसके साथ डांस किया जा सके या चिपका जा सके। सलमान खान कहते हैं कि ये रिश्ता फेक है। हालांकि इस बातचीत के बीच में शालीन भनोट भी कूदते हैं। वो सुपरस्टार से कहते हैं, सर आप उसके साथ ज्यादा हार्ड मत होइए इस पर सलमान खान भड़क कर उससे दोबारा पूछते हैं कि उन्होंने क्या कहा। जिस पर शालीन भनोट चुप हो जाते हैं।

